

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112



■ रायपुर,बुधवार 10 जून 2026 ■ ज्येष्ठ अधिकमास कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष -42 ■ अंक-073 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 11 जून 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## सुशासन व जनसेवा ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत : मोदी

**नई दिल्ली,10 जून।** जवाहर लाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ने के बाद पीएम मोदी की पहली प्रतिक्रिया आ गई है। पीएम मोदी ने देशवासियों को संदेश देते हुए जनसेवा, विनम्रता और सुशासन को लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत बताया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- जनसेवा ही सुशासन की सबसे बड़ी कसौटी है। विनम्रता, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ निरंतर कार्य करने वाला व्यक्ति ही जनविश्वास अर्जित करता है। सदानुरक्तप्रकृतिः प्रजापालनतत्परः। विनीतात्मा हि नृपतिर्भूयसी श्रियमश्नुते॥जनसेवा ही सुशासन की सबसे बड़ी कसौटी है। विनम्रता, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ निरंतर कार्य करने वाला व्यक्ति ही जनविश्वास अर्जित करता है।



पीएम मोदी ने आगे लिखा- हमारी सरकार के बीते 12 वर्ष विश्वास, विकास और जनकल्याण को समर्पित रहे हैं। 140 करोड़ देशवासियों के आशीर्वाद और राष्ट्र प्रथम की भावना से हमने युवाओं, महिलाओं और अपने किसान भाई-बहनों को सशक्त बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। यह हमारे अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर डिजिटल क्रांति तक आज देश को दुनियाभर में एक नई पहचान मिली है। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए हम सेवा, सुशासन और समृद्धि के इसी पथ पर निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे। हमारी सरकार के बीते 12 वर्ष विश्वास, विकास और जनकल्याण को समर्पित रहे हैं। 140 करोड़ देशवासियों के आशीर्वाद और राष्ट्र प्रथम की भावना से हमने युवाओं, महिलाओं और अपने किसान भाई-बहनों को सशक्त बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। बता दें कि प्रधानमंत्रीमोदी ने आज यानी 10 जून 2026 को नया इतिहास रच दिया। देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। आज उनके कार्यकाल के 4399 दिन पूरे हो गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया है., जो 4398 दिनों तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री रहे थे।

## शिक्षाकर्मियों को नहीं मिलेगी पेंशन

**रायपुर,10 जून.** शिक्षाकर्मियों के पुरानी पेंशन मामले में स्कूल शिक्षा सचिव ने आदेश जारी कर उनके पुराने पेंशन के दावे को पूरी तरह समाप्त कर दिया है और इस आदेश के साथ ही छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट में दायर सिंगल और डिवीजन बेंच के मामले का निराकरण भी हो गया है, यानी हाई कोर्ट ने जो निर्देश दिया था उसका अक्षरसः पालन कर उन्होंने न्यायालय के अवमानना याचिका की संभावनाएं भी पूरी तरह समाप्त कर दी है । इस प्रकार सचिव कमलप्रीत सिंह और डीपीआई ऋतुराज रघुवंशी ने स्कूल शिक्षा विभाग के लिए खड़ी हो रही एक बड़ी समस्या को एक झटके में समाप्त कर दिया है ।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शुक्रवार को डीपीआई और स्कूल शिक्षा सचिव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और पुरानी पेंशन देने की मांग रखी और यह खबर भी सोशल मीडिया में पूरी तरह से छाई रही । इधर उनके लौटते ही मंत्रालय में इस पूरे मामले को उलटने पलटने का खेल चालू हो गया और जो फाइल ठंडे बस्ते में थी वह तत्काल निकल कर बाहर आ गई । स्कूल शिक्षा सचिव ने पूरे प्रकरण की जब समीक्षा की तो यह पाया कि सिंगल बेंच से जारी हुए दोनों ऑर्डर और डिवीजन बेंच से जारी हुए ऑर्डर में कहीं पर भी शासन को शिक्षाकर्मियों की पूर्व सेवा अवधि को गणना करते हुए पेंशन देने के लिए बात ही नहीं किया गया है बल्कि सिर्फ एक तर्कसंगत स्पीकिंग ऑर्डर जारी करने के लिए 120 दिन का समय दिया गया था जिससे यह स्पष्ट हो सके कि शिक्षाकर्मियों को पुरानी पेंशन का लाभ कब से दिया जाना है और इसके पीछे की वजह क्या है ।

इधर शिक्षाकर्मी सोशल मीडिया में अपनी ताकत दिखाते रहे और उधर डीपीआई ऋतुराज रघुवंशी ने तत्काल प्रकरण का निराकरण करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सचिव के निर्देशानुसार प्रस्ताव पेश कर दिया और आज बुधवार को विभाग की ओर से स्पष्ट आदेश भी जारी हो गया है ।

इधर इस मामले में स्पष्ट आदेश जारी होते ही तीनों मामले का पटाक्षेप हो गया है और अब इस पर शिक्षक अवमानना का मामला भी दर्ज नहीं कर सकते क्योंकि विभाग ने कोर्ट के दिए गए दिशा निर्देश का पालन कर दिया है और नीति को बताते हुए स्पष्ट स्पीकिंग ऑर्डर जारी कर दिया है । इस संबंध में हाई कोर्ट के अधिवक्ताओं से जब बात की तो उनका कहना था कि विभाग की ओर से यदि कोई पत्र जारी नहीं होता तब शिक्षकों का केस मजबूत होता और उस समय अवमानना प्रकरण दायर होने पर आदेश का पालन न होने की स्थिति में जज के मन में भी स्वाभाविक रूप से विभाग के लिए नाराजगी होती है और इसका फायदा मिलता है जैसा कि सोना साहू प्रकरण में हुआ था । जैसे विभाग ने उस प्रकरण में कोई कदम ही नहीं उठाया था और अवमानना का केस दायर होने के बाद विभाग के लिए मुसीबतें बढ़ती गई और अंत में विभाग को मजबूरन सोना साहू को क्रमोन्नति का लाभ देते हुए भुगतान करना पड़ा।

**सचिव कमलप्रीत ने मामले की जानकारी मिलते ही तत्काल लिया संज्ञान और 72 घंटे के भीतर जारी हो गया आदेश**-स्कूल शिक्षा विभाग के नए सचिव कमलप्रीत सिंह पूर्व में डीपीआई भी रह चुके हैं और सामान्य प्रशासन विभाग का भी उन्हें लंबा अनुभव है।

### उरी में भारतीय सेना के 2 जवान शहीद

**श्रीनगर,10 जून।** जम्मू – कश्मीर में उरी के कमलकोट में नियंत्रण रेखा के पास जोरदार धमाका हो गया जिसमें सेना के दो जवान बलिदान होने की खबर है। बलिदानी जवानों की पहचान महाराष्ट्र के ऐरोली के रहने वाले चव्हाण विक्रम बालकृष्ण और महाराष्ट्र के सतारा जिले की कराड तहसील के शाहपुर के रहने वाले अर्जुन जाधव राजेंद्र के तौर पर हुई है। इस घटना में दोनों जवान गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें इलाज के लिए श्रीनगर के बादामीबाग स्थित 92 बेस हॉस्पिटल ले जाया गया था। बाद में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### अपाचे हेलीकॉप्टर गिरने के बाद अमेरिका का ईरान पर जवाबी हमला

**तेहरान,10 जून।** मिडिल ईस्ट में हालात एक बार फिर विस्फोटक होते नजर आ रहे हैं। अमेरिकी अपाचे हेलीकॉप्टर गिराए जाने के बाद अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी के कुछ ही घंटों बाद अमेरिकी सेना ने ईरानी ठिकानों पर हमले किए हैं।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक होर्मुज स्ट्रेट के आसपास ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम, रडार सेंटर और ग्राउंड कंट्रोल ठिकानों को निशाना बनाया गया। बताया जा रहा है कि अमेरिकी सेना ने एयर फोर्स और नेवी के लड़ाकू विमानों की मदद से यह ऑपरेशन अंजाम दिया। अमेरिका का दावा है कि यह कार्रवाई अपाचे हेलीकॉप्टर गिराने और क्षेत्र में अमेरिकी हितों पर बढ़ते खतरों के जवाब में की गई है। वहीं ईरानी मीडिया के अनुसार केशम द्वीप, बंदर अब्बास, सिरिक और जास्क समेत कई इलाकों में धमाकों की आवाजें सुनी गई हैं। इससे पूरे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

### रमेश शर्मा बने सहकारिता कमिश्नर

**रायपुर,10 जून।** छत्तीसगढ़ सरकार ने आईएएस अधिकारी रमेश शर्मा को सहकारिता कमिश्नर और रजिस्ट्रार कोऑपरिव सोसाइटी बनाया है। यह पद महादेव कांवड़े के 31 मई को रिटायर होने के बाद से खाली था। हालांकि, महादेव कांवड़े भी थोड़े दिन तक इस पद पर रह पाए। रायपुर संभाग आयुक्त पद से हटने के बाद 6 मई को उन्हें रजिस्ट्रार कोऑपरेटिव सोसाइटी बनाया गया था। वे 25 दिन इस पद पर रह पाए। उनसे पहले राजभवन के सचिव सीआर प्रसन्ना के पास रजिस्ट्रार का अतिरिक्त प्रभार था।

## बिजली की मांग को लेकर 48 गांवों के 500 ग्रामीणों ने खून से लिखा पीएम मोदी को पत्र

**गरियाबंद,10 जून।** जिले के राजा पड़ाव क्षेत्र में बिजली की मांग को लेकर ग्रामीणों ने ऐसा कदम उठाया, जिसने हर किसी को भावुक कर दिया। वर्षों से विद्युत सुविधा से वंचित क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने अपने खून से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के नाम पत्र लिखकर गांवों में बिजली उपलब्ध कराने की मार्मिक अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से मांग और आंदोलन के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ, इसलिए अब उन्होंने अपनी पीड़ा सीधे देश के प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का फैसला किया है। राजा पड़ाव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कोकड़ी, गरहाडीह, गौरगांव, भूतबेड़ा, कुचेंगा समेत आठ पंचायतों के 48 गांवों और आश्रित पाराटोलों के लगभग 500 ग्रामीण अड़गड़ी गौठान स्थल पर एकत्र हुए। जय अंबेडकरवादी युवा संगठन और किसान संघर्ष समिति राजा पड़ाव क्षेत्र के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अपने खून से पोस्टकार्ड लिखकर बिजली की मांग को प्रमुखता से उठाया। ग्रामीणों ने पत्र में उल्लेख किया कि बिजली के अभाव में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और आजीविका बुरी तरह प्रभावित हो रही है। आधुनिक युग में भी अंधेरे में जीवन बिताने को मजबूर होना उनके लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है।

कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा कि 21वीं सदी में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद क्षेत्र के लोगों का बिजली से वंचित रहना किसी अभिशाप से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक से ग्रामीण लगातार बिजली की मांग कर रहे हैं और हाल ही में आयोजित सुशासन तिहार के समाधान शिविर में भी यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया था। संजय नेताम के अनुसार अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि क्षेत्र अभ्यारण्य के दायरे में आने के कारण राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की अनापत्ति के बिना विद्युतीकरण संभव नहीं है। प्रशासन ने यह भी कहा कि इस संबंध में अंतिम निर्णय केंद्र स्तर पर लिया जाना है, इसलिए राज्य सरकार अकेले बिजली उपलब्ध नहीं करा सकती। इसी वजह से ग्रामीण अब सीधे प्रधानमंत्री और एनटीसीए को पत्र भेज रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि



जनवरी 2026 में जिला प्रशासन ने लिखित रूप से आश्वस्त किया था कि छह माह के भीतर क्षेत्र में विद्युतीकरण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। हालांकि निर्धारित अवधि बीतने के बावजूद इस दिशा में कोई ठोस प्रगति दिखाई नहीं दी। इससे क्षेत्रवासियों में निराशा और नाराजगी बढ़ी है।ग्रामीणों ने बताया कि कार्यक्रम की पूर्व सूचना प्रशासन को दी गई थी और खून निकालने की प्रक्रिया में सहायता की मांग भी की गई थी, लेकिन कोई सहयोग नहीं मिला। इसके बावजूद सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए प्रत्येक व्यक्ति के लिए अलग-अलग सिंगल यूज सिरिंज का इस्तेमाल किया गया। सिरिंज से निकाले गए खून को स्याही की तरह उपयोग कर ग्रामीणों ने पोस्टकार्ड पर अपनी भावनाएं और समस्याएं लिखीं।

सरपंच चिमन नेताम, रामदेव मरकाम, साधुराम नेताम और पतंग मरकाम ने बताया कि यह किसी प्रकार का विरोध प्रदर्शन नहीं बल्कि अपनी मांग को संवेदनशील तरीके से रखने का प्रयास है। उनका कहना है कि वर्ष 2006 से अब तक हजारों पत्र सामान्य स्याही से लिखे जा चुके हैं, लेकिन उनकी मांगों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन भी बेअसर रहे। इसलिए इस बार ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा को खून से लिखकर प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का निर्णय लिया है।

ग्रामीणों ने बताया कि कार्यक्रम में लिखे गए 500 से अधिक पत्र प्रधानमंत्री कार्यालय और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण को स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजे जाएंगे। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि उनकी यह भावनात्मक अपील सरकार और संबंधित एजेंसियों का ध्यान आकर्षित करेगी तथा वर्षों पुरानी बिजली की समस्या का स्थायी समाधान निकल सकेगा।

## पत्नी व बेटे की गला घोटकर हत्या करने के बाद खुदकुशी

**बेंगलुरु,10 जून।** कर्नाटक के मांड्या में एक ही परिवार के तीन लोगों की रहस्यमयी मौत ने लोगों के साथ ही पुलिस को भी उलझन में डाल दिया। मृतकों की पहचान कपड़ों के व्यापारी प्रभाकर, उनकी पत्नी ज्योति और उनके नवविवाहित बेटे संतोष के रूप में हुई। मां और बेटे के शव घर के कमरे में मिले, जबकि परिवार के मुखिया प्रभाकर का शव उनकी खुद की कपड़ों की दुकान में फंदे से लटका हुआ मिला। इस खौफनाक रहस्यमयी मौत ने लोगों में सनसनी मचा दी। शुरुआत में इस मौत को हत्याकांड और आत्महत्या के मामले को एक गहरे रहस्य के रूप में देखा जा रहा था। जांच के दौरान पुलिस के हाथ एक सुसाइड नोट लगा, जिसने इस पूरी घटना के पीछे के खौफनाक सच से पर्दा उठा दिया। पुलिस जांच में जो बातें सामने आईं, वे बेहद चौंकाने वाली हैं। दरअसल कपड़ा व्यापारी प्रभाकर ने कर्ज के जाल और निजी फाइनेंस कंपनियों के उत्पीड़न से तंग आकर इस हत्याकांड और आत्महत्या को अंजाम दिया था। सुसाइड नोट के मुताबिक, परिवार के मुखिया प्रभाकर ने पहले पत्नी ज्योति और फिर अपने इकलौते बेटे संतोष की गला घोंटकर बेरहमी से हत्या कर दी। इसके बाद, वह चुपचाप घर से निकला और अपनी कपड़ों की दुकान में जाकर खुद भी फांसी के फंदे पर झूल गया।प्रभाकर ने नोट में लिखा कि उसने अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए कुछ निजी वित्त कंपनियों (प्राइवेट फाइनेंस कंपनियों) से भारी ब्याज पर कर्ज लिया था। व्यापार बंद होने के कारण वह कर्ज की किस्तें चुकाने में असमर्थ था। इसके चलते निजी कंपनियों के एजेंट उसे लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित और उत्पीड़ित कर रहे थे। इस लगातार बढ़ते दबाव और कर्ज के दलदल से बाहर निकलने का कोई रास्ता न देख हताशा में उसने अपनी पत्नी और बेटे को मारकर खुद की जीवनलीला भी समाप्त करने का फैसला किया।प्रभाकर के बेटे संतोष की शादी को महज डेढ़ महीना ही हुआ था। घर में अभी शादी की खुशियों का माहौल पूरी तरह खत्म भी नहीं हुआ था कि दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना वाली रात संतोष की नवविवाहित पत्नी घर के दूसरे हिस्से में गहरी नींद में सो रही थी। उसे रात में हुई इस भयानक घटना की भनक तक नहीं लगी। अगले दिन सुबह जब वह उठी, तो उसने रोजाना की तरह पूरे परिवार के लिए नाश्ता बनाया। नाश्ता तैयार करने के बाद जब वह अपनी सास ज्योति को जगाने के लिए उनके कमरे में गई, तब जाकर इस खौफनाक मंजर का खुलासा हुआ।




**रायपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐतिहासिक कार्यकाल पर भाजपा ने आज आकाशवाणी स्थित काली मंदिर के सामने हवन-पूजन किया।**

### फ्रेंच ओपन 2026, एलेक्जेंडर ज्वेरिव (जूनियर) का ग्रेंड स्लेम जीतने का सपना हुआ पूरा

## ज्वेरिव से खिलाड़ियों को सबक लेना चाहिए

**आलेख ... जसवंत क्लॉडियस, वरिष्ठ खेल पत्रकार, टी वी कॉमेंटेटर , रायपुर.**

जिस तरह विभिन्न धर्मों के पालन करने वालों का सपना होता है कि वे जिंदगी में कभी न कभी एक बार अपने ईष्टदेव के लिए प्रसिद्ध स्थल को प्रत्यक्ष रूप से देख सके या भ्रमण कर सके या वहां जाकर धार्मिक रस्म अदा कर सके। ठीक उसी तरह फुटबाल खिलाड़ी के लिए फीफा विश्व कप जीतना, बैडमिंटन खिलाड़ी के लिए आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियन बनना, अपने पसंदीदा खेलों में विश्वकप जीतना एक लक्ष्य, उद्देश्य, चाहत या स्वप्न होता है. वैसे ही टेनिस में चार ग्रेंड स्लेम में सबसे अधिक महत्वपूर्ण विंबल्डन (1877) का चैंपियन बनना या अन्य तीन ग्रेंड स्लेम फ्रेंच ओपन (1891), ऑस्ट्रेलियन ओपन (1905), यू.एस. ओपन 1881 विजेता बनने की इच्छा प्रत्येक विश्व स्तरीय टेनिस खिलाड़ी में होती है। इन्हीं उम्मीदों को लेकर जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरिव ने 2013 में अपने जीवन को टेनिस के लिए समर्पित कर दिया। हेमबर्ग जर्मनी में 2013 में जब उनकी उम्र सिर्फ 16 वर्ष की थी तब उन्होंने टेनिस के पेशवर खिलाड़ी के रूप में दमखम दिखाना शुरू किया। 20 अप्रैल 1997 को जन्में ज्वेरिव 6 फीट 6 इंच ऊंचे हैं। कद काठी में तगड़े इस जवान ने 11वर्ष पूर्व जैसे ही टेनिस कोर्ट में कदम रखा तो टेनिस जगत में चारों तरफ चर्चा होने लगी कि अब एक और प्रतिभाशाली टेनिस खिलाड़ी मैदान में आ चुके हैं जो उस समय के प्रमुख तीन खिलाडिय़ों को चुनौती देने में सक्षम हैं। 2012 से 2021 तक के दौर में नोवोक जोकोविच, रोजर फेडरर, राफेल नाडाल जैसे खिलाड़ी ग्रेंड स्लेम के बादशाह होते थे। 2013 से 2023 तक उपरोक्त तीनों खिलाडिय़ों ने टेनिस जगत में अपना साम्राज्य बनाए रखा। इस दौर में इतिहास के पन्नों पर नजर डालने से स्पष्ट हो जाता है कि चौथे खिलाड़ी को ग्रेड स्लेम के फाइनल तक पहुंचने का अवसर नहीं मिलता था फिर कोविड 19 महामारी के पश्चात जेनिक सीनर और कार्लोस अल्काराज उभरकर आये। एक बात और उल्लेखनीय है कि ज्वेरिव के दौर में ही एक और प्रतिभाशाली खिलाड़ी रूस के डेनिएल मेदवेदेव भी हुए। उनका जन्म 11 फरवरी 1996 को हुआ. ये दोनों खिलाड़ी लगभग एक साथ उभरकर आए परंतु दुर्भाग्यशाली रहे. 2020 तक उनका सपना पूरा नहीं हो सका। डेनिएल की विश्व रैंकिंग तो अब नौ है और उन्होंने सिर्फ एक यूएस ग्रैंड स्लेम 2021 में जीता। दूसरी तरफ ज्वेरिव ने भी हिम्मत नहीं हारी और 2013 से लगातार टैनिस में सक्रिय रहते हुए आखिरकार हाल ही में सम्पन्न 2026 के दूसरे ग्रेंड स्लेम फ्रेंच ओपन में पुरुष एकल का खिताब जीत लिया। इस प्रकार उनका ग्रैंड स्लेम जीतने का सपना पूरा हो गया जिसके लिए ज्वेरिव ने पिछले 11 वर्ष तक तपस्या की थी। फिलहाल अपने खेल जीवन में वे विश्व में तीसरे स्थान पर हैं। अभी तक 25 कैरियर टाइटिल जीता है। जहां तक पुरस्कार राशि की बात है ज्वेरिव ने अब तक 627.91 करोड़ रुपये जीते हैं जो कि विश्व में किसी टेनिस खिलाड़ी द्वारा अर्जित राशि के अनुसार चौथा है। ज्वेरिव जैसे टेनिस खिलाड़ी से आज की पीढ़ी के खिलाडिय़ों को सबक लेना चाहिए कि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उन्हें लगातार कोशिश करते रहना चाहिए। हमेशा सकारात्मक सोच के साथ खेल जारी रखना चाहिए और अपने आप पर भरोसा रखना चाहिए कि वे निरंतर मेहनत करेंगे, प्रयास करते रहेंगे तो एक दिन मंजिल तक पहुंच जाएंगे। ज्वेरिव ने कठोर अनुशासन, परिश्रम के साथ ईमानदारी से अपनी कोशिश जारी रखी आखिरकार वे विजेता बने। अतः हिम्मत ना हार चल चला चल के लय पर प्रत्येक खिलाड़ी को आगे बढऩा चाहिए। आज की युवा पीढ़ी के लिए ज्वेरिव की सफलता जीवन में कभी भी निराश नहीं होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है .

## टीएमसी सांसद सुष्मिता देव ने राज्यसभा से दिया

**कोलकाता,10 जून।** तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी पर इन दिनों संकट के बादल छाए हुए हैं। ताजा घटनाक्रम में एक और राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। इस हफ्ते पार्टी से इस्तीफा देने वालीं वे दूसरी राज्यसभा सांसद हैं। कांग्रेस छोड़कर आईं 53 वर्षीय नेता 2021 में तृणमूल में शामिल हुईं और उन्होंने जनसेवा का नया अध्याय शुरू करने की बात कही थी। सूत्रों के मुताबिक, वह अब बीजेपी में शामिल हो सकती हैं। इस बात अटकलें इसलिए भी लगाई जा रही हैं क्योंकि इस्तीफा देने के बाद उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से मुलाकात की है। सुष्मिता देव असम कांग्रेस के दिग्गज नेता और प्रभावशाली बंगाली नेता संतोष मोहन देव की बेटी हैं। वह कांग्रेस की महिला शाखा 'ऑल इंडिया महिला कांग्रेस' की प्रमुख भी रह चुकी हैं। वह पहले असम के सिलचर से सांसद रह चुकी थीं, जो उनके पिता का गढ़ था। इससे पहले सोमवार को राज्यसभा सदस्य सुखेंदु शेखर रे ने टीएमसी से इस्तीफे की घोषणा की थी। एक बयान में रे ने तृणमूल और बंगाल में उसकी 15 साल की सरकार पर भी तीखा हमला किया। ये इस्तीफे बंगाल में पार्टी के विधायक दल में हुई बड़ी बगावत के कुछ ही दिनों बाद आए हैं, जहां 58 तृणमूल विधायकों ने पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार शोवनदेब चट्टोपाध्याय को नकारते हुए नेतृत्व से अलग रुख अपनाया और विपक्ष के नेता के पद के लिए ऋतब्रत बनर्जी का समर्थन किया। इसके बाद टीएमसी के लोकसभा सांसदों ने ममता से बगावत करते हुए 20 लोकसभा सदस्यों ने स्पीकर ओम बिरला को बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए को समर्थन करने का एक पत्र सौंपा।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में सघन कार्रवाई, संदिग्धों से पूछताछ जारी, अवैध शराब भी बरामद

# घुघरी रोड अटल आवास में पुलिस की बड़ी रेड,असामाजिक गतिविधियों पर कसा कबीरधाम पुलिस का शिकंजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 10 जून।** कबीरधाम जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 10 जून 2026 को प्रातः 5.30 बजे घुघरी रोड स्थित अटल आवास परिसर में व्यापक रेड कार्रवाई की गई।

इस विशेष अभियान का नेतृत्व स्वयं पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री आशीष शुक्ला, रक्षित निरीक्षक श्री पुष्पेंद्र सिंह, थाना सिटी कोतवाली प्रभारी, (.हृ.ञ्ज.स्न.) प्रभारी, साइबर सेल प्रभारी, महिला सेल प्रभारी, सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं महिला/पुरुष पुलिस बल उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक को प्राप्त सूचनाओं के अनुसार घुघरी रोड स्थित अटल आवास परिसर में विभिन्न असामाजिक गतिविधियों के संचालित होने तथा बाहरी व्यक्तियों के संदिग्ध रूप से निवास करने की जानकारी मिली थी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा बिना विलंब किए तत्काल विशेष टीम गठित कर मौके पर सघन रेड कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान परिसर से कई संदिग्ध महिला एवं पुरुष पाए गए, जिनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं तलाशी के दौरान कुछ स्थानों से छिपाकर रखी गई अवैध शराब भी बरामद की गई है। बरामद सामग्री एवं अन्य तथ्यों के संबंध में आवश्यक जानकारी एकत्रित की जा रही है तथा प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। रेड कार्यवही के दौरान पुलिस टीम को देखकर कुछ असामाजिक तत्व मौके से फरार हो गए। उनकी पहचान एवं तलाश के लिए आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं तथा उनकी संलिप्तता पाए जाने पर उनके विरुद्ध भी विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले तथा अवैध एवं असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कबीरधाम पुलिस की कार्रवाई निरंतर, प्रभावी एवं सख्ती के साथ जारी रहेगी। जिले में शांति, सुरक्षा एवं आमजन के विश्वास को बनाए रखने के लिए किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# फर्जी जाति मामले में पुरैना की पार्षद को कारण बताओ नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 10 जून ।** संभागायुक्त एस.एन. राठौर ने छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा-19 (1) (अ-1) के तहत नगर पालिक निगम रिसाली के वार्ड क्रमांक 38 (स्टोर पारा, पुरैना) की वर्तमान पार्षद कुमारी पार्वती महानंद को नोटिस जारी कर आगामी 25 जून 2026 तक अपना जवाब प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर दिया है।

ज्ञात हो कि वर्ष 2021 के नगरीय निकाय चुनाव में कुमारी पार्वती महानंद ने रिसाली निगम के वार्ड क्रमांक 38 (आरक्षित सीट) से स्वयं को गांडा जाति अनुसूचित जाति का बताकर चुनाव लड़ा था और विजयी हुई थीं। इसके बाद, रिसाली भिलाई निवासी राहुल वर्मा आत्मज बिसेन्द्र कुमार वर्मा ने उनके जाति प्रमाण पत्र पर आपत्ति जताते हुए तहसीलदार कार्यालय कोमाखान (जिला-महासमुंद) में शिकायत दर्ज कराई थी। आवेदक की शिकायत पर हुई उच्च स्तरीय जांच के बाद, जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति ने बीती 07 मई 2026 को अपनी रिपोर्ट सौंपी। समिति ने पाया कि पार्षद पार्वती महानंद का जाति प्रमाण पत्र पूरी तरह फर्जी है और इसे अवैध दस्तावेजों के सहारे हासिल किया गया था। अपर कलेक्टर जिला-महासमुंद द्वारा 19 मई 2026 को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा को भेजे गए पत्र में भी इस बात की पुष्टि की गई कि न्यायालय तहसीलदार कोमाखान के जांच प्रतिवेदन के अनुसार पार्वती महानंद (मूल निवासी खेमड़ा, बागबाहरा) ने कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर यह प्रमाण पत्र बनवाया था।

संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर द्वारा जारी नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि प्रथम दृष्ट्या यह साबित हो चुका है कि पार्षद उस आरक्षित वर्ग की नहीं हैं, जिसके लिए वार्ड सुरक्षित रखा गया था। ऐसी स्थिति में उनका पार्षद पद पर बने रहना सार्वजनिक और निगम हित में वांछनीय नहीं है। कमिश्नर कोर्ट ने अनावेदक पार्षद को नोटिस जारी कर पूछा है कि क्यों न उन्हें पद से तत्काल बर्खास्त कर दिया जाए? मामले की अंतिम सुनवाई 25 जून 2026 को नियत की गई है। यदि तय तारीख पर पार्षद अपना स्पष्टीकरण या जवाब पेश नहीं करती हैं, तो प्रशासन द्वारा उनके खिलाफ पद से हटाने की एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### हत्या के प्रयास के मामले में 8 गिरफ्तार



**भिलाई, 10 जून (तछसं.)।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के स्थित कैरम सेंटर में हुए हत्या के प्रयास एवं मारपीट प्रकरण में दो महीने बाद छावनी पुलिस ने फरार दो नाबालिग समेत आठ आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है छावनी प्रभारी अमति अंदानी ने बताया कि 7 अप्रैल को प्रार्थी मोहम्मद वसीम ने थाना छावनी में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वह अयाज अहमद सिद्दीकी के कैरम सेंटर बड़ी मस्जिद के पास अहमद नगर कैम्प-02 में बैठा था। इसी दौरान एक व्यक्ति ने सिगरेट मांगे जाने पर दुकान संचालक से मांगने कहा, इस पर विवाद उत्पन्न हो गया इस? के बाद संबंधित व्यक्ति ने अपने साथियों को बुलाकर प्रार्थी के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट की थी विवेचना के दौरान आरोपियों ने हत्या करने की नीयत से गला दबाने एवं नुकीली वस्तु से प्रहार कर चोट पहुंचाने के तथ्य सामने आए प्रकरण में पूर्व में कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था शेष फरार आरोपियों शहनवाज कुरैशी उर्फ शानु उर्फ अण्डा (23 साल?) निवासी कैम्प-02, शेख अनिस (39 साल ) निवासी कैम्प-02, मोहम्मद जाकिर (23 साल ) निवासी कैम्प-02, शोएब अख्तर (23 साल ) निवासी कैम्प-02, मोहम्मद अली उर्फ लल्लू कुरैशी उर्फ पप्पू कुरैशी (36 साल ) निवासी कैम्प-02, गौरव चौधरी (19 साल ) निवासी कैम्प-02 व दो नाबालिग को पकड़ा।

### हथियार लहराने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 10 जून (तछसं.)।** भिलाई धारदार हथियार लहराने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर हरा मैदान, कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी के पास दबिश देकर धारदार लहारेन वाले कंट्रेक्टर कालोनी निवासी आशु उर्फ अमनदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया. उसके पास से पुलिस ने उसके कब्जे से 12 इंच लंबा धारदार लोहे का हथियार बरामद किया ।

### शराब सहित युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 10 जून (तछसं.)।** भिलाई अवैध शराब बेचते एक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है वैशाली नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अर्जुन नगर शीतला मंदिर रोड पुलिया के पास दबिश देकर कैम्प-1 स्टील नगर निवासी एम जगीदश को पकड़ा गया उसके पास से 4 बोतल देशी मसाला शराब, 16 पौवा देशी मसाला शराब बेचे गए रकम 4,700 रुपये बरामद की गई ।

### नरधा डबरी के पास बनने वाले शेड का नपं अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

**अंवरी,10 जून।** वार्ड क्रमांक 1 में नरधा डबरी के पास बनने वाले बहुउद्देशीय शेड का भूमि पूजन नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति हरख जैन एवं वार्ड वासियों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। वर्षों से क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं सार्वजनिक कार्यों के लिए इस स्थान पर शेड निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नागरिकों की मांग और आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति हरख जैन के प्रयासों से शेड निर्माण कार्य की स्वीकृति प्राप्त हुई। निर्माण कार्य का शुभारंभ कराने के लिए वे स्वयं स्थल पर पहुंचीं और भूमि पूजन कर कार्य प्रारंभ कराया।

इस अवसर पर नगर पंचायत विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षद परदेसी राम, रामकुमार, राधू निषाद, सुरेश विश्वकर्मा, गोविंद साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने भूमि पूजन में भाग लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वार्डवासी, नागरिकगण, ठेकेदार एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। उपस्थित जनों ने शेड निर्माण के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए उपयोगी एवं जनहितकारी कार्य बताया।

# दीपशिखा विद्यालय में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का अभिनंदन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 10 जून।** दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, उतई में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र - छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का अभिनंदन कार्यक्रम रखा गया जिसमें अतिथि के रूप में विद्यालय एवं अंचल को गौरवान्वित करने वाले भूतपूर्व छात्रा डॉ स्मृति रानी भारदीय साइंटिफिक ऑफिसर सीन क्राइम यूनिट बालोद छत्तीसगढ़ ,छात्र देवेश गजपाल, प्रोफेसर शासकीय कॉलेज अहिवारा,छात्र रूपेंद्र कुमार साहू, सचिवीय सहायक स्वास्थ्य विभाग छत्तीसगढ़ तथा डॉ. दीपशिखा सिन्हा उपस्थित रहे। सर्वप्रथम माँ शारदा की विधिवत पूजा अर्चना की गई तथा सभी होनहार ,प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का पुष्पगुच्छ एवं तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया तथा मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर हमारे अतिथियों ने अपने दीपशिखा विद्यालय की स्कूली सफर से लेकर अपने कैरियर की शुरुआत तक की प्रेरणादायक अनुभव साझा की।

डॉ स्मिता रानी ने अपने अनुजों से कहा कि जिंदगी में छोटी -छोटी चीजों से खुश रहना सीखें तथा अपना एक लक्ष्य अथवा मुकाम तय कर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा, लाइफ सेट नहीं होता है, सेट करना पड़ता। इसी कड़ी में देवेश गजपाल तथा रूपेन्द्र साहू ने भी अपने मुकाम के लिए विद्यालय परिवार का आभार मानते हुए उन विद्यार्थियों के लिए कहा जिनका नंबर किसी कारणवश कम हो जाता है, वे निराश न होंऔर अधिक लगन और उत्साह के साथ मेहनत करते हुए आगे बढ़े । डॉ दीपशिखा सिन्हा ने कहा जो आपने लक्ष्य निर्धारित किया है, उसको प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करें। सफलता एक दिन जरूर आपकी कदम चूमेगी। विद्यालय के डायरेक्टर श्री डी एल सिन्हा ने सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित किए।इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य के आर सिन्हा बोर्ड परीक्षा प्रभारी एन के चंद्राकार इंग्लिश मीडियम इंचार्ज श्रीमती शरणजीत कौर, उपप्रधान पाठक एस आर सेन, पालक शिक्षक समिति के सदस्य श्री घनश्याम चंद्राकर,उत्तम कुमार साहू ,श्री रजनीश कुमार ,दानेश्वर प्रसाद साहू, सूरज कुमार यादव तथा अभिभावक एवं शिक्षक -शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### एक जुलाई से स्कूल खुले , हरितिमा टीम सदस्य सुनील जैन ने शासन से की मांग

**कवर्धा, 10 जून।** हरितिमा टीम सदस्य सुनील जैन ने भीषण गर्मी को देखते हुए शासन जिला प्रशासन से की मांग स्कूल एक जुलाई से स्कूल खुले । भीषण गर्मी को देखकर माता पिता बच्चों को चिन्ता होने लगी है की स्कूल कैसे जायेंगे भीषण गर्मी में , कही लू ना लग जाए । पालकों ओर बच्चों की चिन्ता को देखते हुए हरितिमा टीम सदस्य सुनील जैन ने शासन से की मांग 16 जून के बदले एक जुलाई को स्कूल खुलने से फायदा यह होगा की मानसून भी आ जाएगी और बच्चों को लू भी नहीं लगेगा ।



### अचानकपुर जलाशय परियोजना के अंतर्गत ग्राम रवेली की जमीन पर खरीदी-बिक्री सहित अन्य लेनदेन पर अस्थायी प्रतिबंध

**दुर्ग, 10 जून ।** अचानकपुर जलाशय परियोजना के अंतर्गत ग्राम रवेली, तहसील पाटन की चिन्हित भूमि पर जमीन संबंधी लेनदेन पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी, पाटन के पत्र के आधार पर छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशों के परिपालन में यह आदेश जारी किया गया है। आदेशानुसार ग्राम रवेली स्थित खसरा नंबर 644, 645, 646, 650, 651/1, 651/2, 654, 656, 658, 671/2, 671/3, 672, 673/1 एवं 673/2 की भूमि पर तत्काल प्रभाव से खरीदी-बिक्री, डायवर्सन, बटांकन तथा अन्य भूमि हस्तांतरण संबंधी कार्यों पर आगामी आदेश तक अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया गया है।

# कॉपर तार बंडल चोरी के मामले में 4 लोग गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 10 जून।** भिलाई पुरैना क्षेत्र से परिधीय दीवार को फांदकर भिलाई इस्पात संयंत्र में आसानी से चोरों को गैंग घुसकर चोरी का प्रयास करने वाले गिरोह के 4 आरोपियों को पुलिस ने दबोचा है आरोपियों के कब्जे से चोरी का 130 किलोग्राम स्क्रैप कॉपर तार बंडल जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 97,500 रुपए आंकी गई है भट्ठी टीआई प्रकाश कांत ने बताया कि केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) इकाई भिलाई इस्पात संयंत्र ने थाना भट्ठी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि कुछ व्यक्तियों ने भिलाई स्टील प्लांट के ओएचबी जंक्शन 2-3 प्रोजेक्ट स्टोर के पीछे स्थित क्षेत्र से 65-65 किलोग्राम स्क्रैप कॉपर तार के दो बंडल कुल 130 किलोग्राम चोरी करने का प्रयास किया रिपोर्ट पर भट्ठी थाने में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की विवेचना के दौरान आरोपी सुनील कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर भिलाई इस्पात संयंत्र परिसर में प्रवेश कर स्क्रैप कॉपर तार चोरी करने का प्रयास करना स्वीकार किया घटना के दौरान एक आरोपी को सीआईएसएफ ने पकड़ा था आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया स्क्रैप कॉपर तार जब्त कर उसे गिरफ्तार किया गया था इधर घटना के पश्चात फरार आरोपियों की लगातार तलाश की जा रही थी फरार आरोपी उमेश बाग (23 साल ) निवासी डाक बंगला उत्कल चौक पुरैना को 8 जून को गिरफ्तार किया वहीं दो अन्य आरोपी यमन उर्फ अमन बेहरा (20 साल ) निवासी डाक बंगला उत्कल चौक पुरैना एवं संदीप कुमार (19 साल ) निवासी डाक बंगला उत्कल चौक पुरैना को गिरफ्तार किया है।

# पॉलीटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग 11 जून से

**दुर्ग, 10 जून ।** प्रदेश के तकनीकी शिक्षा संचालनालय (डीटीई) द्वारा प्रदेश के सभी शासकीय एवं निजी पॉलीटेक्निक कॉलेजों के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों (इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर, सीडीडीएम/आईडी, एमओएम/एचएमसीटी और लैटरल एंट्री) में प्रवेश के लिए राज्य-स्तरीय ऑनलाइन काउंसलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जारी शेड्यूल के अनुसार, प्रथम चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन 11 जून (पूर्वान्ह 10.00 बजे) से 15 जून 2026 (रात्रि 11.59 बजे) तक होगा। इसके ठीक बाद 16 जून को मेरिट सूची जारी होगी, जिस पर 17 जून तक दावा-आपत्ति की जा सकेगी। दावा-आपत्ति के निराकरण के पश्चात प्रथम चरण का सीट आवंटन 19 जून को किया जाएगा, जिसके तहत चयनित छात्रों को 20 से 24 जून 2026 के बीच आवंटित संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश लेना होगा। यदि प्रथम चरण के बाद सीटें रिक्त रह जाती हैं, तो द्वितीय चरण की काउंसलिंग 26 से 30 जून तक चलेगी, जिसका आबंटन 3 जुलाई और प्रवेश प्रक्रिया 4 से 9 जुलाई तक पूरी की जाएगी।

# ग्रामीण क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ, खिलाड़ियों में दिखा उत्साह



**अंवरी,10 जून।** सिहाद इलेवन क्रिकेट क्लब सिहाद द्वारा आयोजित ग्रामीण क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि हरख जैन (पप्पू )उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्रपाल बैस सरपंच प्रतिनिधि ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विष्णु साहू नगर पंचायत उपाध्यक्ष एवं भेषज बैस उपसरपंच उपस्थित रहे।प्रतियोगिता में विजेता टीम को 21111 एवं उपविजेता टीम को 11111 नगद पुरस्कार के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। सभी सहभागी टीमों को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। उद्घाटन मैच प्रखंड एवं कोलार टीम के मध्य खेला गया, जिसमें कोलार टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया।

### खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम है क्रिकेट : हरख

मुख्य अतिथि हरख जैन ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में आयोजित खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती हैं। खेल से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने नारा लगाया कि जीत हो या हार रहो तैयार।

अध्यक्षीय उद्बोधन में सरपंच प्रतिनिधि छत्रपाल बैस ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ सामाजिक एकता को भी मजबूत करती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की शुभकामनाएं दीं।

इस सफल आयोजन को संपन्न कराने में सोनू बैस, उमेन्द्र गंगेले, तेजेश्वर बैस, हूपेश बैस, चेमन बैस सहित क्रिकेट क्लब के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

आयोजन समिति ने खिलाड़ियों, अतिथियों एवं दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, खेल प्रेमी एवं युवा उपस्थित रहे।

# भिलाई से निकली पुस्तक को मिली राष्ट्रीय पहचान; जेएलएन चिकित्सालय के डॉ. दीपक की पुस्तक बनी अमेजन पर 'बेस्ट सेलर'

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 10 जून।** भिलाई इस्पात संयंत्र का नाम देश में इस्पात उत्पादन और औद्योगिक उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है, लेकिन अब यह चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य प्रबंधन के क्षेत्र में भी अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहा है। इसका ताज़ा उदाहरण जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र (जेएलएन चिकित्सालय) के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. दीपक कुमार दासमहापात्र की पुस्तक ÷क्वालिटी मैनेजमेंट इन ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन एंड एसओपी ऑफ ब्लड सेंटर÷ है, जिसने प्रकाशन के तुरंत बाद अमेज़न पर 'हेमेटोलॉजी' एवं 'ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन' श्रेणी में 'स1 बेस्ट सेलर' का स्थान प्राप्त किया है।

इनोवेटिव पब्लिकेशन द्वारा 4 मई 2026 को प्रकाशित इस पुस्तक को चिकित्सा क्षेत्र में गुणवत्ता प्रबंधन और रक्त सेवा संचालन से जुड़ी एक महत्वपूर्ण संदर्भ पुस्तक माना जा रहा है। पुस्तक में ब्लड सेंटर के संचालन, गुणवत्ता मानकों, लाइसेंसिंग प्रक्रिया, सुरक्षा प्रोटोकॉल तथा विभिन्न स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) को व्यावहारिक और व्यवस्थित रूप में प्रस्तुत किया गया है। यही कारण है कि चिकित्सा शिक्षकों, पोस्ट ग्रेजुएट विद्यार्थियों, मेडिकल टेक्नोलॉजिस्ट और ब्लड सेंटर प्रबंधकों के बीच इसे व्यापक सराहना मिल रही है। डॉ. दीपक कुमार दासमहापात्र वर्तमान में जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में कंसलटेंट के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। एमबीबीएस और एमडी के साथ वे अस्पताल एवं स्वास्थ्य प्रबंधन, कॉर्पोरेट लॉ, क्लिनिकल ऑन्कोलॉजी तथा रिस्क मैनेजमेंट जैसे विविध क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता रखते हैं। इस पुस्तक के सह-लेखकों में श्री संदीप कुमार पांडे, डॉ. अनुराधा पांडा और डॉ. बबीता एक्का शामिल हैं।

यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष महत्व रखती है क्योंकि जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय का ब्लड सेंटर एनएबीएच मान्यता प्राप्त है, जो छत्तीसगढ़ तथा सेल अस्पतालों की पूरी श्रृंखला में अपनी तरह का पहला ब्लड सेंटर है। पुस्तक को एनएबीएच और जेसीआई जैसे अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है, जिससे यह केवल एक शैक्षणिक पुस्तक नहीं, बल्कि गुणवत्ता आधारित स्वास्थ्य सेवाओं का व्यावहारिक मार्गदर्शक भी बन गई है ।पुस्तक की प्रमुख विशेषताओं में ब्लड सेंटर लाइसेंसिंग, ओएनडीएलएस पोर्टल पंजीकरण, गुणवत्ता नीति, ऑडिट प्रणाली तथा प्रयोगशाला स्तर पर आने वाली जटिल चुनौतियों के समाधान को शामिल किया गया है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर लाइम एवं डोलो कैल्सिनेशन प्लांट में पौधे लगाए गए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 10 जून।** सिल-भिलाई इस्पात संयंत्र के लाइम एवं डोलो कैल्सिनेशन प्लांट (एलडीसीपी) में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना, हरित आवरण का विस्तार करना तथा स्वच्छ एवं सतत पर्यावरण के निर्माण हेतु सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-2) श्री एस. के. घोषाल ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति भी समान रूप से प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया।इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रभारी (आरएमपी-2 एवं आरएमपी-3) श्री वी. के. ओगले ने उपस्थित सभी अतिथियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत करते हुए पर्यावरण संरक्षण को सामूहिक दायित्व बताया तथा हरित पहल को निरंतर आगे बढ़ाने का संदेश दिया।कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रभारी (पर्यावरण प्रबंधन) सुश्री उमा कटोच, महाप्रबंधक (पर्यावरण प्रबंधन) श्री प्रवीण कुमार, महाप्रबंधक (आरएमपी-2) श्री मनोरंजन संघ, महाप्रबंधक (आरएमपी-3) श्री एस. के. नाइक, महाप्रबंधक (आरएमपी-3) श्री डी. के. वर्मा तथा अपर महाप्रबंधक (आरएमपी-3) श्री अमित माथुर सहित बड़ी संख्या में कार्यपालक एवं गैर-कार्यपालक कर्मचारी उपस्थित रहे।वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत पाम प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के संकल्प के साथ हुआ।

## निधन

### जानकी बाई



**भिलाई, 10 जून।** जानकी बाई कांकड़े पति स्वर्गीय हनंत कांकड़े ग्राम खोपली निवासी का आकस्मिक निधन मंगलवार को हो गया वह काफी दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। अंतिम संस्कार खोपली के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें समाज एवं गांव के बड़ी संख्या में ग्रामीण जनो ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए।

**एक नजर**

## सफाई कर्मचारियों ने सिमगा में मुक्तिधाम की सफाई की



**सिमगा 10 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिका परिषद सिमगा में मुक्तिधाम की पूरी साफसफाई कराई गई जिसमें जनप्रतिनिधियों और नगर पालिका परिषद के अधिकारी और सफाई कर्मचारी के साथ सभी जनप्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया सफाई करने के लिए। जिसमे अध्यक्ष प्रतिनिधि युवा नेता करन भाटिया ने कुछ स्वच्छता अभियान के बारे में दो शब्द बोले,,स्वच्छता का मुख्य उद्देश्य एक स्वस्थ, सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण का निर्माण करके मानव जीवन की रक्षा करना है। यह बीमारियों को फैलने से रोकता है, व्यक्तिगत और सामाजिक स्वास्थ्य को सुधारता है,हर दिन कूड़े का एक टुकड़ा उठाएँ । अपनी कार या मनोरंजन वाहन में कूड़े का थैला रखें ताकि आप कूड़े का सही निपटान कर सकें। अवैध रूप से कूड़ा फेंकने और गंदगी फैलाने के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अपने जलमार्ग में कूड़ा इकट्ठा करने की प्रतियोगिता आयोजित करें। इस अवसर में जैसे युवा नेता करन भाटिया मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशिभूषण श्रीवास्तव ,उपाध्यक्ष नगर पालिका विकास सोनकर, सभापति एवं पार्षद अविनाश दास नेता प्रतिपक्ष सचिन जैन, पार्षद विष्णु जायसवाल , पार्षद रूजून सोनकर पार्षद प्रतिनिधि अनूप तिवारी पार्षद टैबू देवांगन युवा नेता नीरज ठाकुर एवं समस्त पत्रकार गण मौजूद थे।

## सुकूलदैहान पुलिस की सजगता से 13 वर्षीय नाबालिग लड़की सकुशल परिजनों को मिली

**राजनांदगांव 10 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज दिनांक 09 जून 2026 को ग्राम सुकूलदैहान में एक लगभग 13 वर्षीय नाबालिग बच्ची अकेली एवं लावारिस अवस्था में घूमती हुई पाई गई। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना पुलिस चौकी सुकूलदैहान को दी गई। सूचना प्राप्त होने पर पुलिस चौकी सुकूलदैहान द्वारा तत्काल बच्ची को सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस अभिरक्षा में लेकर चौकी लाया गया तथा उससे आत्मीयतापूर्वक पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान बच्ची ने अपना निवास जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (के.सी.जी.) क्षेत्र का होना बताया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस चौकी सुकूलदैहान द्वारा तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आवश्यक एवं उचित कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया, जिसके परिपालन में बच्ची के परिजनों की तलाश प्रारंभ की गई। सतत प्रयासों के फलस्वरूप बच्ची के माता-पिता से संपर्क स्थापित कर उन्हें पुलिस चौकी सुकूलदैहान बुलाया गया। पूछताछ के दौरान माता-पिता ने बताया कि उनकी पुत्री ठेलकाडीह क्षेत्र से भटककर सुकूलदैहान की ओर चली गई थी तथा वे उसकी गुमशुदगी दर्ज कराने थाना ठेलकाडीह जाने वाले थे। पहचान एवं आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण किए जाने के उपरांत नाबालिग बच्ची को सकुशल उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। अपनी पुत्री को सुरक्षित पाकर माता-पिता ने पुलिस चौकी सुकूलदैहान, थाना लालबाग पुलिस की संवेदनशीलता, तत्परता एवं सजग कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए राजनांदगांव पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।

### निधन

## राकेश शर्मा

**रायपुर।** नुआपाड़ा (ओडिशा) निवासी श्री राकेश शर्मा (उपाध्याय) करही - टेकारी वाले



का 47 वर्ष की आयु में मंगलवार को देर रात्रि निधन हो गया। वे स्वर्गीय श्री बंशीलाल शर्मा (उपाध्याय)-श्रीमती स्वर्णलता शर्मा के द्वितीय सुपुत्र, श्री मुरली प्रसाद शर्मा, स्वर्गीय श्री सुरेंद्र शर्मा, श्री आनंद शर्मा के भतीजे और श्री राजेश (मन्ना)शर्मा , श्री रितेश (गणेश) शर्मा के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार नुआपाड़ा में बुधवार 10 जून को 11 बजे किया जाएगा।

# सुशासन तिहार को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद, मोहड शिविर में एक वार्ड से 149 आवेदन

- महापौर ने समस्या सुन, नशा मुक्ति के लिए दिलाई शपथ
- आज वार्ड नं. 47,50 व 51 के लिए मोहारा फिल्टर प्लांट में अंतिम शिविर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 10 जून।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत वार्डो में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर अंतिम चरण मे है, शिविर का अच्छा प्रतिसात मिल रहा है। आज मोहड स्कूल में मोहड वार्ड के लिए ही आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में बडी संख्या में वार्डवासी पहुच अपनी समस्या के संबंध में 149 आवेदन दिए, जिसमें मांग के 136 तथा शिकायत संबंधी 13 आवेदन आए। महापौर श्री मधुसूदन यादव शिविर में उपस्थित होकर स्टालो का निरीक्षण कर योजनाओ के संबंध में चर्चा किए तथा वार्डवासियो की समस्या सुनी। इस अवसर पर उन्होंने नशा मुक्ति के लिए उपस्थितजनो को शपथ दिलाई। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से गर्भवती महिलाओ की गोदभराई करा नवजात शिशुओ का अन्न प्राशन कराये। शिविर में निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल, वार्ड पार्षद श्री संजय रजक सहित वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा, पूर्व पार्षद श्री अलख चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में महापौर श्री यादव ने कहा कि आज के शिविर में बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित होकर अपनी मांगो व शिकायतो के संबंध में आवेदन दे रहे है। पट्टा मांग के आवेदन ज्यादा प्राप्त हुए है, जिसका शासन नियमो के तहत समाधान किया जायेगा। इसके अलावा बिजली, पानी, सफाई संबंधी आवेदनों का त्वरित निराकरण कर निर्माण संबंधी कार्य प्राथमिकता तय कर समाधान करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी विभाग के अधिकारी सुबह से शिविर में उपस्थित होकर लोगो की समस्या सुन उन्हें शासन की जन कल्याणकारी योजनाओ के बारे में जानकारी दे रहे है। शिविर के पश्चात सभी आवेदनो की छटनी कर निराकरण किया जायेगा। दिनांक 10 जून बुधवार को ग्रामीण वार्ड मोहारा वार्ड नं.47, सिंगदई वार्ड नं. 50 एवं हल्दी वार्ड नं. 51 के लिए मोहारा फिल्टर प्लांट में अंतिम जन समस्या निवारण शिविर आयोजित होगा, जहाँ वार्डवासियो की समस्या सुन निराकरण किया जायेगा। आज के शिविर में नगर निगम सहित जिला प्रशासन के विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# सुशासन शिविर जनता के लाभ के लिए है जिनको राजनीति करना है वह अपना तंबू स्वयं लगाएं : मधुसूदन यादव

- सिवनीकला में सुशासन तिहार, 85 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 10 जून।** जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिवनीकला में आज क्लस्टर स्तरीय सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया। 13 ग्राम पंचायतों के इस संयुक्त शिविर में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। इस दौरान लगभग 85 लाख रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण भी किया गया।

सिवनीकला में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद एवं राजनांदगांव महापौर मधुसूदन यादव तथा प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, उपाध्यक्ष किरण साहू, जिला पंचायत सदस्य लता सिन्हा, हिरा वर्मा, ग्राम पंचायत सिवनी के सरपंच योगेश संचेती,नगर निगम के पार्षद सावन वर्मा, मनोहर यादव जैन मेश्राम, अनिल सिन्हा, मनीष सोनी, फागु वर्मा, नर्सिंग वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रशासनिक अमले की भी सक्रिय भागीदारी रही। एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार और जनपद पंचायत के सीईओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत सिवनीकला में करीब 85 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और पूर्ण हो चुके कार्यों का लोकार्पण किया गया। मधुसूदन यादव ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। जल संरक्षण की दिशा मे और पर्यावरण रक्षा की दिशा मे हर घर एक पेड़ लगाने की अपील आम जनता से किये, विकास कार्यों की श्रृंखला को देख क़र सिवनी सरपंच योगेश संचेती की तारीफ किये !

सुशासन तिहार शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और विभिन्न योजनाओं से संबंधित समस्याओं एवं मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा। जनप्रतिनिधियों ने इसे शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम बताया।

## गैस के दाम में लूट और कम भी कर दी छूट: कुसुम दुबे

- 9 सब्सिडी सलेंडर की जगह 4 का निर्णय अन्यायकारक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 10 जून।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी की महामंत्री अधिवक्ता कुसुम दुबे ने केंद्र सरकार द्वारा घरेलू गैस में 7 जून से 29 रु की बढ़ोतरी और उज्जवला गैस योजना के हितग्राहियों के लिए सालाना मिलने वाले 9 सब्सिडी सिलेंडर को घटकर 4 करने के निर्णय को नारी शक्ति के साथ अन्याय बताया है। क्योंकि कामर्शियल गैस में मई जून माह में 1035 रु की बढ़ोत्तरी महंगाई की मार से सर्वहारा वर्ग झुलस गया है। महामंत्री कुसुम दुबे ने कही कि भाजपा सरकार में महिलाओं के लिए लागू योजनाएं प्रताड़ना का ही पर्याय बन गई है जैसे उज्जवला गैस योजना के नाम पर भाजपा सरकार मात्र महिलाओं को छलने का ही काम करती रही है महंगाई की मार के चलते कुल कनेक्शनधारियों में से लगभग 4 करोड़ से अधिक ने तो कनेक्शन लेने के बाद एक भी बार रिफलिंग नहीं करा पाएं वहीं 3 करोड से अधिक ने मात्र एक ही बार रिफलिंग कराएं है महंगाई की वजह से रिफलिंग नहीं कराए जाने के कारण वर्ष 24-25 में प्रति कनेक्शन रिफलिंग दर 4.43 व वर्ष 25-26 में 4.48 होने पर सरकार इसे औसत खपत 4 से 5 तय कर सरकार अपनी उपलब्धि हितग्राहियों की मितव्यवता बताकर प्रतिवर्ष 9 सब्सिडी सिलेंडर की जगह 4 देने का तुगलकी निर्णय लेते हुए महंगाई की मार से त्रस्त जनता को 300 के दर से 2700 रु मिलने वाली सब्सिडी राशि को अब 1200 रु करते हुए 1500 रु की कटौती कर दोहरी आर्थिक मार दे दी है। बार बार के वाई सी के नाम से प्रताड़ित जनता को नियमित सब्सिडी की राशि भी नहीं मिल पा रही है ग्रामीण क्षेत्र में उज्जवला गैस कनेक्शन में समय पर रिफलिंग की भीषण परेशानी से भी सरकार बेसुध है कुल मिलाकर सरकार योजना के नाम पर सुई का दान और सब्बल की वसूली के रूप में प्रमाणित हो गई है।

# सेवा और संस्कारों से ही समाज का निर्माण होता है : शिवरतन शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भाटापारा 9 जून।** नगर भवन मे मंगलवार नगर देवांगन समाज के नव-निर्वाचित अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। माँ परमेश्वरी के जयकारों और पुष्प वर्षा के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय एवं ऊर्जावान हो उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने माँ परमेश्वरी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। समाज के वरिष्ठजनों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका एवं अन्य अतिथियो का आत्मीय स्वागत किया। अपने संबोधन में शिवरतन शर्मा ने कहा, देवांगन समाज सदैव सेवा, परिश्रम, सद्भाव और संस्कारों के मार्ग पर अग्रसर रहा है। आज यहां समाज की एकजुटता और संगठनात्मक क्षमता को देखकर मन अत्यंत प्रफुल्लित है। यह एकता ही समाज की असली पहचान और ताकत है।

शिवरतन शर्मा ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि,आप सभी से अपेक्षा है कि शिक्षा के प्रचार-प्रसार, युवाओं को उचित मार्गदर्शन देने, कुरीतियों को दूर करने और सामाजिक समरसता स्थापित करने के लिए नई ऊर्जा एवं संकल्प के साथ कार्य करेंगे। समाज का प्रत्येक व्यक्ति जब अपने दायित्वों का निर्वहन करता है, तभी समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है। समारोह के दौरान उन्होंने सामाजिक कार्यों को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाने हेतु उपस्थितजनों से सुझाव भी आमंत्रित किए। शिवरतन शर्मा ने आश्वस्त किया कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा,समाज की प्रगति में सभी की सक्रिय भागीदारी ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। इस गरिमामय अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश तिवारी, संतोष पाण्डेय, रविंद्र शर्मा, मनीष मिश्रा, भुवन ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। देवांगन समाज से रमेश देवांगन, पवन देवांगन, महेश देवांगन, सेवकराम देवांगन, उदयराम देवांगन, केशव देवांगन, लोमस देवांगन, हेमंत देवांगन, अजीत देवांगन, गोपाल देवांगन, मुकेश देवांगन, रोहित देवांगन, प्रमोद देवांगन, कोदूराम देवांगन, रोमन देवांगन, कामता देवांगन, कुलेश्वर देवांगन, सुखराम देवांगन, नारायण देवांगन समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति एवं युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वित्तीय अनियमितता पाये जाने पर तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य दौलत राम आंचले निलंबित

**राजनांदगांव 10 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल ने डोंगरगांव विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मोहड़ के तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य (मूल पद व्याख्याता) श्री दौलत राम आंचले को विभागीय अंकेक्षण रिपोर्ट के आधार पर वित्तीय अनियमितता पाये जाने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगांव विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मोहड़ के तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य (मूल पद व्याख्याता) श्री दौलत राम आंचले द्वारा मद प्रभारी के जानकारी के बिना विभिन्न मदों से 5 लाख 44 हजार 500 रूपए आहरण किये जाने की शिकायत पर दो सदस्यीय जांच दल गठित कर जांच कराया गया। जांच प्रतिवेदन के अभिमत के आधार पर प्रभारी प्रचार्य श्री दौलत राम आंचले द्वारा मद प्रभारियों की जानकारी बिना तथा क्रय समिति की बैठक प्रस्ताव व अनुमोदन के शासकीय राशि का नियम विरूद्ध विभिन्न मदों से राशि आहरण करना वित्तीय अनियमितता को दर्शाने का लेख किया गया है।

## तुलसीपुर में बनेगा नाला, महापौर ने किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 जून।** नगर निगम द्वारा वार्डो में विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे है। विकास कार्य कडी में आज वार्ड नं. 16 तुलसीपुर में अधोसंरचना मद अंतर्गत 25.00 लाख रूपये की लागत से नाला निर्माण करने महापौर श्री मधुसूदन यादव ने निगम अध्यक्ष व वार्ड पार्षद श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सावन वर्मा, कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल, पूर्व पार्षद श्री मुकेश ध्रुव, समाजसेवी श्री सुमित भाटिया, पूर्व नामांकित पार्षद श्री संजय लडवन सहित वार्डवासियो की उपस्थिति में श्रीफल फोडकर गैती चलाकर भूमिपूजन किया। भूमिपूजन अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि शासन द्वारा संस्कारधानी में विकास कार्य कराने अधोसंरचना, अधोसंरचना उपकर निधि अंतर्गत नगर निगम में स्वीकृति दिये थे। शासन स्वीकृति एवं विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद श्री संतोष पाण्डे की अनुशंसा पर उनकी निधि अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य वार्डो में कराए जा रहे है। उन्होंने कहा कि वार्ड 16 के लिए स्वीकृत राशि से 25 लाख रूपये की लागत से तुलसीपुर रेल्वे क्रासिंग से डॉ. बंधे तक नाला निर्माण करने आज भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त कार्य जल्द प्रांरभ किया जाएगा, ताकि बारिश में वार्ड का पानी आसानी से निकल सके। भूमिपूजन के पूर्व वार्ड के सर्वश्री, मदन जैन, किशुन लाल साहू, हर्ष कुमार रामटेके, कमल सिन्हा, मनीष मानिकपुरी, अंशुल कसार, हेमसिंह ठाकुर, सुमन सिन्हा, कैलाश बाई सिन्हा, सोन बाई देवांगन, राम बाई देवांगन, अमित चौबे, कान्हा अग्रवाल, बुधराम साहू, सोहन नेताम ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर उप अभियंता श्री तिलक राज ध्रुव सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### भक्ति की मस्ती में झूमे श्रद्धालु, रामदेव बाबा रामसापीर का जम्मा आज

# मोगरा फूलों से सजी रानी सती दादी की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 जून।** श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित 16 दिवसीय श्री नारायण महामहोत्सव के नवम दिवस नारायण भक्ति के साथ नारायणी शक्ति की आराधना का अद्भुत संगम देखने को मिला। झुंझुनू वाली रानी सती दादी का दिव्य दरबार एवं मोगरे के सुगंधित फूलों से सजी भव्य झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही।

**नारायण और नारायणी भक्ति का अद्भुत संगम:** समिति के कोषाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल एवं सचिव सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में प्रभु भक्ति, अर्पण, समर्पण एवं सेवा भाव से आयोजित इस महामहोत्सव में प्रतिदिन भक्तिभाव का वातावरण निर्मित हो रहा है। श्री सत्यनारायण मंदिर परिसर में नारायण की भक्ति के साथ-साथ नारायणी शक्ति की आराधना से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है।



**मंगल पाठ की सामूहिक प्रस्तुति ने बांधा समां:** रानी सती दादी के मंगल पाठ का सुमधुर गायन अनीता लोहिया, अरुणा मिश्रा, प्रेमलता अग्रवाल एवं संतोष अग्रवाल ने सामूहिक रूप से किया। उनकी भक्तिमय प्रस्तुति ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भक्ति का ऐसा अनुपम वातावरण बना कि मानो स्वयं देवियां अपने मुखारविंद से माता का गुणगान कर रही हों। श्रद्धालु भक्ति की मस्ती में झूमते हुए दादी के जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान करते रहे।

**विशिष्ट अतिथियों ने की महाआरती में सहभागिता:** इस अवसर पर पूर्व उपाध्यक्ष 20 सूत्रीय क्रियान्वयन समिति छत्तीसगढ़ शासन खूबचंद पारख, नगर पालिका निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, खंडेलवाल वैश्य समाज के अध्यक्ष राजेश खंडेलवाल, सचिव दिनेश खंडेलवाल, मार्गदर्शक श्याम खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष संजय खंडेलवाल, उदयाचल महिला मंडल अध्यक्ष साधना खंडेलवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों का रंग-वस्त्र एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया तथा सभी ने महाआरती में सहभागिता निभाई।

**आज रामदेव बाबा रामसापीर का जम्मा:** मंदिर समिति के कार्यकारिणी सदस्य जुगल किशोर अग्रवाल एवं अशोक सिंघल ने बताया कि अध्यक्ष हरीश अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में 16 दिवसीय भक्ति धारा निरंतर प्रवाहित हो रही है। महोत्सव के दसवें दिवस 10 जून बुधवार को अजमल घर अवतारी रामदेवरा के लोकदेवता बाबा रामदेव रामसा पीर की महिमा का गुणगान किया जाएगा। बाल व्यास हार्दिक व्यास अपनी ओजस्वी एवं मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को रामदेव बाबा की दिव्य कथा का रसपान जम्मा के माध्यम से कराएंगे।

**परिवार सहित शामिल होने की अपील:** समिति के सह सचिव रामावतार जोशी ने समस्त श्रद्धालुओं, माता-बहनों एवं नगरवासियों से परिवार सहित महोत्सव में शामिल होकर नारायण भक्ति का आनंद प्राप्त करने का आग्रह किया है। उपरोक्त जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

## साइबर ठगी में प्रयुक्त म्यूल अकाउंट धारक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव 10 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों में म्यूल बैंक खातों के उपयोग को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर (रा.पु.से.) एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अलेक्जेंडर किरों (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा टीम गठित कर आरोपियों की तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया गया। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के समन्वय पोर्टल से प्राप्त जानकारी के आधार पर ऐसे म्यूल बैंक खातों की पहचान की गई, जिनका उपयोग साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि के लेन-देन, व्ययन एवं संवर्धन के लिए किया जा रहा था। जांच के दौरान यह पाया गया कि संबंधित बैंक खातों का उपयोग साइबर धोखाधड़ी से अर्जित अवैध धनराशि को प्राप्त करने एवं आगे हस्तांतरित करने के लिए किया गया। बैंक खाताधारकों एवं सहयोगियों द्वारा यह जानते हुए भी कि उक्त राशि धोखाधड़ी एवं बेईमानी से प्राप्त की गई है, उसे प्राप्त एवं उपयोग किया जा रहा था। उक्त तथ्यों के आधार पर थाना सिटी कोतवाली राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 279/2025 धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111 एवं 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पूर्व में एक आरोपी चुम्मन कुमार वर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। प्रकरण में संलिप्त दूसरे आरोपी रूपेन्द्र कुमार वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसने अपराध स्वीकार किया।

# सच कहा आगरकर ने, वैभव ने मजबूर कर दिया

किसी भी खेल में किसी खिलाड़ी को जल्दी देश की तरफ से खेलने का मौका नहीं मिलता है।उसे कई स्तरों पर मैदान में साबित करना पड़ता है कि वह देश के लिए खेलने की योग्यता रखता है। कई लोग दस दस,बीस बीस साल खेलते रहते हैं और साबित नहीं कर पाते हैं कि वह देश के लिए खेलने की योग्यता रखते हैं और गिनती के खिलाड़ी ऐसे होते हैं जो एक मौका मिलने पर साबित करने का प्रयास करते हैं कि वह गुड,बेटर,बेस्ट नहीं असाधारण खिलाड़ी हैं। हर खेल में गुड बहुत ज्यादा,बेटर उससे कम,बेस्ट उससे कम खिलाडी़ होते हैं और असाधारण खिलाड़ी तो कभी कभी सामने आते हैं। असाधारण खिलाड़ी कम उम्र में ही अपनी प्रतिभा का परिचय दे देते हैं। उनको कुछ गेंद खेलने का मौका मिलता है तो वह बता देते हैं कि मैं असाधारण खिलाडी हूं। इस देश में अब तक क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर ही साधारण परिवार में पैदा होने वाली असाधारण खिलाडी़ माने जाते हैं, उनको ग़ॉड आफ क्रिकेट कहा जाता है, क्रिकेट का भगवान कहा जाता है।

देश में सचिन तेंदुलकर के साथ किसी खिलाड़ी की तुलना अब तक नहीं की जाती है। बेस्ट क्रिकेट खिलाड़ी तो बहुत हैं लेकिन असाधारण कोई नहीं है।तीन दशक से ज्यादा समय तक इस देश में तेंदुलकर जैसा एक भी खिलाड़ी नहीं हुआ।कोई सोचता भी नहीं था कि तेंदुलकर जैसा कोई खिलाड़ी हो भी सकता है।आईपीएल २०२६ में जाकर अब देश के लोग मानने लगे हैं कि देश में क्रिकेट का एक और असाधारण खिलाडी है।उसका नाम है वैभव सूर्यवंशी। अभी उसकी तुलना तेंदुलकर से नहीं की जा सकती लेकिन उसे असाधारण क्रिकेट खिलाड़ी तो माना जा रहा है खासकर आईपीएल में उसके खेल को देखकर, उसे मिले पांच अवार्ड को देखकर।१५ साल की उम्र में जब बच्चे बैट पकड़कर गेंद को मारना सीखते हैं तो वैभव ने १५ साल की उम्र में ५९ छक्कों का रिकार्ड तोड़कर बता दिया कि वह असाधारण हैं। कोई खिलाड़ी आईपीएल में आज तक एक साथ पांच अवार्ड नहीं जीत पाया है, वैभव ने दूसरे सीजन में पांच अवार्ड जीतकर देश विदेश में चर्चा का विषय बने रहे हैं।उनकी असाधारण खेल प्रतिभा को देखते हुए ही आईपीएल के दौरान ही उनको भारतीय टी-२० टीम में शामिल करने की बातें की जाने लगी थी। देश के जितने दिग्गज क्रिकेट खिलाडी़ हैं, सब चाहते हैं उनको भारतीय टीम में शामिल कर खेलने का मौका दिया जाना चाहिए। सुनील गावस्कर व तेंदुलकर किसी क्रिकेट खिलाड़ी की तारीफ कम ही करते हैं।उन्होंने भी जब कह दिया कि वैभव को भारतीय टी-२० टीम में मौका जल्द दिया जाना चाहिए तो साफ हो गया था कि जल्द ही उनको भारतीय टी-२० टीम में शामिल कर देश व विदेश में खेलने का मौका दिया जाएगा।आईपीएल समाप्त होने के कुछ ही दिनों के भीतर यह खबर भी आ गई कि वैभव को श्रीलंका जाने वाली ए टीम में मौका दिया गया है और साथ ही आयरलैंड व इंग्लैंड दौरे के लिए भी उनको चुना गया है। वह भारतीय टीम के लिए सबसे कम उम्र में चुने गए हैं। वह जब जिस दिन मैदान में उतरेंगे उस दिन वह सचिन तेंदुलकर का सबसे कम उम्र में देश के लिए खेलने का रिकार्ड तोड़ेंगे और नया रिकार्ड बनाएंगे। चीफ सलेक्टर अजीत आगरकर ने वैभव को टीम इंडिया के लिए चुने जाने के बाद उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वैभव सूर्यवंशी ने उनको टीम इंडिया के लिए चुनने को मजबूर कर दिया। यह सच है कि टीम इंडिया के लिए १५ साल के किसी खिलाड़ी को किसी तरह से योग्य नहीं माना जाता है। वैभव ने आईपीएल में खेल ही ऐसा खेला कि देश के लिए खिलाड़ी चुनने वाले अजीत आगरकर उनको चुनना पड़ा और कहना भी प़ड़ा कि वैभव ने अपने दो आईपीएल के खेल से हमको चुनने के लिए मजबूर कर दिया। यानी देश के लिए खेलने का मौका उनको देना पड़ा। ऐसे बहुत कम खिलाड़ी होते हैं जो अपनी उम्र से ज्यादा अच्छा खेलते हैं,उनकी उम्र को देखते हुए जब लोग उसका खेल देखते हैं सबको हैरानी होती है कि ऐसा कैसे खेल लेता है। वैभव ने दिग्गज बैट्समैन हो या दिग्गज खिलाड़ी सबको हैरान किया है।सबने उसका तारीफ की है। सबने उसकी प्रतिभा की सराहना की है कि ऐसी प्रतिभा किसी किसी खिलाड़ी में होती है।वैभव भारत ए टीम के साथ श्रीलंका पहुंच गए हैं और उनको श्रीलंका व अफगानिस्तान के साथ कई मैच खेलने हैं।उनसे उम्मीद की जा रही है कि वह आईपीएल की तरह की श्रीलंका में शानदार खेल का प्रदर्शन करेंगे। अब तक तो उनको जब भी मौका मिला है वह अच्छा खेले हैं, इसलिए उम्मीद की जा सकती है कि उनका श्रीलंका दौरा सफल रहेगा और वह देश के क्रिकेट प्रेमियों को निराश नहीं करेंगे। क्रिकेट के खेल में कुछ भी हो सकता है,इसलिए वैभव कुछ मैच अच्छा नहीं खेल पाए तो भी उनको आगे खेलने का मौका दिया जाना चाहिए ताकि वह खुद को मैदान में साबित कर सकें। यह वक्त वैभव को मौका देने का है। मौका मिला है तो अच्छा खेलते हैं तो अच्छी बात है, एक दो मैच अच्छा नहीं खेलते हैं तो भी भरोसा करना होगा वह आगे देश के लिए अच्छा खेलेंगे। भारतीय क्रिकेट को कई दशकों बाद असाधारण खिलाड़ी मिला है, उसका हर तरह से ख्याल क्रिकेट बोर्ड व क्रिकेट खिलाड़ियों का रखना होगा।

## चर्चित मुद्दा

# नफ़रत की आंधी में मुहब्बत का दीपक जलता रहा है, जलता रहेगा

**निर्मल रानी**



दिल्ली के मालवीय नगर इलाक़े में गत 3 जून को हुए एक भीषण अग्निकांड की घटना घटित हुई। बताया जाता है कि इस अग्निकांड के परिणाम स्वरूप 21 लोगों की मौत आग से झुलसने या धुएँ में दम घुटने की वजह से हो गयी। कहा जा रहा है कि मृतकों में 9 भारतीय जबकि 12 विदेशी नागरिक थे। इस अग्निकांड में स्थानीय लोगों द्वारा लगभग 49 लोगों को उनकी जान बचाकर सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस अग्निकांड में रियाजुद्दीन नामक एक मुस्लिम गद्दा व्यापारी ने अपनी सूझबूझ,तत्परता व मानवता के चलते अग्निकांड में फंसे लगभग 15 लोगों की जान बचाकर काफ़ी सुर्ख़ियां बटोरीं। घटनास्थल के क़रीब ही रियाजुद्दीन की गद्दों (मैट्रेस) की दुकान है। रियाजुद्दीन व उनके बेटे ने आग की लपटें बढ़ते ही अपने नफ़े-नुक़सान की परवाह किये बिना अपनी दुकान के सारे गद्दे जलते हुये भवन के ठीक नीचे एक पर एक रखकर बिछा दिये। इनके अतिरिक्त अफ़ज़ल, मोहम्मद शाहरुख़ , मोहम्मद अनीस, मोहम्मद आमिर और मोहम्मद वसीम ने भी अपनी जान पर खेल कर लोगों की जान बचाने में मदद की। नतीजतन लगभग 15 प्रभावित लोगों ने जलते हुये भवन की खिड़कियों से उन्हीं गद्दों पर कूद कर अपनी जान बचाई। हालाँकि इस दौरान रियाजुद्दीन के क़रीब 2 लाख रूपये के गद्दे क्षति ग्रस्त हो गये। आज स्थानीय लोग यह कहने को मजबूर हैं कि रियाजुद्दीन ने फ़रिश्ता बनकर लोगों की जान बचाई। रियाजुद्दीन व उनके बेटे के इस समझदारी भरे साहसिक कार्य के लिये उनकी चौतरफ़ा प्रशंसा की जा रही है। लोग उनके गद्दों की क्षतपूर्ति के लिये व उनके साहसिक कार्य के लिये उनसे मिल रहे हैं उन्हें सम्मानित कर रहे हैं यहाँ तक कि उन्हें आर्थिक सहायता दे रहे हैं। उधर रियाजुद्दीन ने उन्हें आर्थिक सहायता देने वालों से पैसे न भेजने की अपील की है। स्थनीय भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय ने इनकी तारीफ़ करते हुये कहा कि "आज के जांबाज़ों को सलाम। हौज़ रानी, मालवीय नगर में लगी भीषण आग के दौरान इन साहसी नागरिकों ने मदद की और यहां तक कि लोगों को सीपीआर भी दिया। मुझे आप पर बहुत गर्व है। यही इंसानियत है, जो सबसे ऊपर है और सबसे बड़ा धर्म है।" निश्चित रूप से यह घटना इंसानियत व धर्म से ऊपर साहस व मानवता की मिसाल बन गई है। एक मुस्लिम व्यापारी ने अपने आर्थिक नुक़सान की परवाह किए बिना हिन्दू व अन्य धर्मों के लोगों की जान बचाई, और हिन्दू विधायक व अनेक संस्थाओं ने उसे सम्मान व नक़द इनाम दिया। इसी तरह महाकुंभ 2025 को मौनी अमावस्या पर इलाहाबाद में मची भगदड़ को याद कीजिये जब हज़ारों हिंदू तीर्थ यात्रियों को मुस्लिम बस्तियों, मस्जिदों और इमामबाड़ों में शरण मिली थी । 28–29 जनवरी 2025 को रात



1–2 बजे के बीच प्रयागराज में संगम नोज़ और अखाड़ा मार्ग पर मौनी अमावस्या के पावन स्नान पर करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच गए थे जिससे शहर की 90 लाख आबादी में दस गुना भीड़ उमड़ पड़ी थी। इसी बीच रात 1 बजे के पास संगम तट से पहले बने द्वार पर भीड़ इतनी बढ़ गई कि भगदड़ जैसी स्थिति बन गयी। तभी अखाड़ा मार्ग पर लगे बैरिकेड्स को फांदकर कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गये जिससे वहां अफ़रातफ़री मच गई। क्राउड मैनेजमेंट के लिए रास्ते रोके जाने से लोगों को और भी परेशानी का सामना करना पड़ा। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इस भगदड़ में 30 लोग हताहत हो गए थे। शहर के रास्तों से अनजान लोग अपनी जान बचाने के लिये कई मुस्लिम बस्तियों में प्रवेश कर गये। उसी बीच सर्दी की रात में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने करुणा और सांप्रदायिक सौहार्द्र की मिसाल पेश कर मानवता का सन्देश दिया था। मुस्लिम लोगों ने भगदड़ के बाद शहर की अनेक मस्जिदों, दरगाहों, इमामबाड़ों व अनेक अल्पसंख्यक संस्थानों में हज़ारों हिंदू तीर्थयात्रियों को शरण दी और उन्हें परदेस में भी सुरक्षित रहने का एहसास दिलाया। उन्हें ज़रूरत के अनुसार चाय,नाश्ता,खाना,रज़ाई,कंबल,दवाइयां आदि मुहैय्या कराई। यह घटना भी सांप्रदायिक सौहार्द्र और इंसानियत की बड़ी मिसाल के रूप में सामने आई जब अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय ने हिंदू तीर्थयात्रियों की मदद कर धार्मिक भावनाओं से ऊपर उठकर मानवता का परिचय दिया। साम्प्रदायिक सद्भाव पेश करने वाली दिसंबर 2015 की वह घटना भी याद कीजिये जब चेन्नई में आई भयानक बाढ़ में मस्जिदों में हिंदुओं और ईसाइयों को पनाह मिली थी। उन दिनों 1 दिसंबर 2015 से शुरू हुई बारिश एक सप्ताह तक लगातार चली थी।। इसे चेन्नई में 100 वर्षों में सर्वोच्च वर्षा के रूप में रिकॉर्ड किया गया था। बाढ़ का पानी कुछ क्षेत्रों में तो दो मंज़िलों तक पहुँच गया था। डैम के गेट खोलने के बाद शहर के कई हिस्से पूरी तरह डूब गए थे। चेन्नई में इसी बाढ़ में 260 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। उस दौरान भी यहाँ की कई मस्जिदों के दरवाज़े बाढ़ पीड़ित हिन्दुओं व ईसाईयों के लिये कई हफ़्तों के लिये खुल गये थे। बाढ़ पीड़ितों को मस्जिद में पनाह के साथ साथ रसद व दवाइयां भी मुहैय्या कराई गई थीं। उसी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में प्रसूतावस्था में पीड़ित एक हिन्दू महिला की यूनुस नामक एक मुसलमान ने जान बचाकर उसे अस्पताल तक पहुँचाया। बाद में सुरक्षित डिलीवरी होने पर उस हिन्दू महिला और उसके पति ने अपनी नवजात बच्ची का नाम 'यूनूस' रखा। यह घटना भी धार्मिक सौहार्द और मानवता की एक प्रेरणादायक मिसाल है ।

इसी तरह 2023 में पंजाब में आई भीषण बाढ़ में मुस्लिम समुदाय ने बिना किसी भेदभाव के सभी प्रभावित लोगों की मदद की थी। जमात-ए-इस्लामी हिंद और जमीयत उलेमा-ए-हिंद जैसी संस्थाओं ने बाढ़ प्रभावितों को राशन, दवाइयां, व कपड़े वितरित किए थे । तमाम मुस्लिम स्वयंसेवकों ने सिख और हिंदू समुदायों के साथ मिलकर बचाव कार्यों में हिस्सा लिया था । यहाँ भी उस समय बाढ़ प्रभावित इलाक़ों की कुछ मस्जिदों को अस्थायी आश्रय स्थल के रूप में खोला गया था। देशभर के मुसलमान संकट की इस घड़ी में पंजाब के बढ़ प्रभावित लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े दिखाई दिये थे। एक तरफ़ जहां सत्ता के भूखे भेड़िये देश की सामाजिक एकता को तार तार करने पर तुले हैं वहीं देश भर में साम्प्रदायिक सद्भाव की ऐसी अनगिनत मिसालें भी देखने सुनने को मिलेंगी जब हिन्दुओं ने मुसलमानों की व मुसलमानों ने हिन्दुओं की जान बचाई व संकट की घड़ी में एक दूसरे के साथ खड़े दिखाई दिये। गोया नफ़रत की आंधी में मुहब्बत का दीपक हमेशा जलता रहा है जलता रहेगा।

## राशिफल

**मेष राशि**–आज आपको अपने गुस्से और शब्दों पर खास कंट्रोल रखने की जरूरत है। छोटी बात पर प्रतिक्रिया रिश्तों में दूरी बढ़ा सकती है। अच्छी बात यह है कि कार्यक्षेत्र में आपके काम की तारीफ होगी और बॉस से प्रशंसा मिलने के योग हैं। सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी रहेगा। जीवनसाथी के साथ बिताया गया समय रिश्तों में और मिठास घोलेगा। संतान की भावनाओं को समझने का मौका भी मिलेगा।

**वृषभ राशि**–आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। राजनीति या सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों को विशेष सतर्क रहना होगा। शरीर में थकान महसूस हो सकती है, इसलिए सेहत को नजरअंदाज न करें। निवेश से जुड़े फैसले किसी के कहने पर लेने से बचें। खानपान में लापरवाही आपकी परेशानी बढ़ा सकती है। हालांकि जिम्मेदारियों को आप समय पर पूरा कर लेंगे।

**मिथुन राशि**–आज का दिन खुशियों की सौगात लेकर आया है। अटका हुआ पैसा वापस मिल सकता है और आर्थिक स्थिति में सुधार महसूस होगा। पैतृक संपत्ति से जुड़ा मामला आपके पक्ष में जा सकता है। आप किसी अपने की आर्थिक मदद भी कर सकते हैं। माता-पिता का आशीर्वाद आपके रुके हुए काम पूरे करवाएगा। यात्रा के दौरान अपने कीमती सामान का खास ध्यान रखें।

**कर्क राशि**–आज सकारात्मक परिणाम मिलने से मन खुश रहेगा। ऑफिस में वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा और काम तेजी से पूरे होंगे। पैसों से जुड़े मामलों में जल्दबाजी करने से बचें। परिवार के साथ समय बिताने से रिश्तों में प्यार बढ़ेगा। पिताजी किसी बात पर नाराज हो सकते हैं, इसलिए धैर्य और समझदारी से बात करें। बिजनेस में बदलाव करने से पहले किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह जरूर लें।

**सिंह राशि**–आज का दिन सामान्य रहेगा, लेकिन समय का सही इस्तेमाल करना आपके लिए बहुत जरूरी होगा। रुके हुए काम पूरे करने पर ध्यान दें। विदेश में पढ़ाई का सपना देखने वालों को अच्छी खबर मिल सकती है। जीवनसाथी के लिए छोटा सा सरप्राइज रिश्ते में नई मिठास लाएगा। रुका हुआ पैसा वापस मिलने के योग हैं। दूसरों के मामलों में ज्यादा दखल देने से बचें।

**कन्या राशि**–आज ऊर्जा और उत्साह से भरपूर दिन रहेगा। घर में मेहमानों के आने से माहौल खुशनुमा रहेगा। बिजनेस में उतार-चढ़ाव के बावजूद आपका आत्मविश्वास मजबूत रहेगा। भाग्य का साथ मिलने से कई काम आसानी से पूरे होंगे। परिवार में शादी-विवाह से जुड़ी रुकावट दूर होने से खुशी का माहौल बनेगा।

**तुला राशि**–आज काम का दबाव मानसिक थकान बढ़ा सकता है। हालांकि आप अपने स्वभाव में बदलाव लाने की कोशिश करेंगे, जो भविष्य में फायदेमंद रहेगा। अच्छे भोजन और छोटी-छोटी खुशियां आपको सुकून देंगी। संतान के व्यवहार को लेकर चिंता बनी रह सकती है। अपनी निजी बातें किसी से शेयर करने से बचें। प्रॉपर्टी से जुड़ा काम पूरा होने के संकेत हैं।

**वृश्चिक राशि**–आज का दिन संतुलित रहेगा। कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिल सकते हैं और यात्रा का योग भी बन रहा है। धार्मिक गतिविधियों में मन लगेगा, जिससे मानसिक शांति महसूस होगी। परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है। समय और धन दोनों का सही इस्तेमाल करना जरूरी होगा। प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है।

**धनु राशि**–आज वैवाहिक जीवन में खुशियां बढ़ेंगी। जीवनसाथी की सफलता आपको गर्व महसूस कराएगी। निर्णय लेने की क्षमता मजबूत रहेगी और पिताजी भी आपके कामों से खुश नजर आएंगे। नई उपलब्धि आपका आत्मविश्वास बढ़ाएगी। विद्यार्थियों का नए कोर्स में रुचि बढ़ सकती है। किसी की कही-सुनी बातों पर भरोसा करने से बचें।

**मकर राशि**–आज भाई-बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा और परिवार में एकता महसूस होगी। आर्थिक मामलों में थोड़ा सतर्क रहना जरूरी है। आलस्य को खुद पर हावी न होने दें। नौकरी बदलने का विचार मन में आ सकता है। आपके किसी फैसले से परिवार के लोग थोड़ा नाराज हो सकते हैं। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र में नए अवसर मिलने के योग हैं।

**कुंभ राशि**–आज आय के नए स्रोत खुल सकते हैं और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। दोस्तों का साथ आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा। आपकी बातों का असर लोगों पर सकारात्मक पड़ेगा। नया काम शुरू करने से पहले पूरी प्लानिंग जरूर करें। विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन मिलने से राहत महसूस होगी। संतान के साथ दिल की बात साझा करने का मौका मिलेगा।

**मीन राशि**–आज सेहत थोड़ी कमजोर रह सकती है, इसलिए खुद का खास ध्यान रखें। कोई जरूरी काम बनते-बनते रुक सकता है, जिससे तनाव बढ़ेगा, लेकिन धैर्य बनाए रखें। खोई हुई प्रिय वस्तु वापस मिलने की संभावना है। नया काम शुरू करने से पहले सोच-समझकर फैसला लें। खास लोगों से मुलाकात आपका दिन खास बना देगी, हालांकि पिताजी की किसी बात से मन थोड़ा दुखी हो सकता है।

## सू- दोकू क्र.065

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.064 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -065

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 064 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

# ग्लोबल वार्मिंग उबलती धरती और सत्तावादी महत्वाकांक्षाएं

**संजीव ठाकुर,**



ग्लोबल वार्मिंग आज कोई वैज्ञानिक कल्पना नहीं, बल्कि एक कठोर यथार्थ है। पृथ्वी का औसत तापमान निरंतर बढ़ रहा है। कभी असहनीय गर्मी लोगों का जीवन संकट में डाल देती है, तो कभी अचानक होने वाली अतिवृष्टि शहरों और गाँवों को जलमग्न कर देती है। कहीं अनावृष्टि के कारण खेत सूख रहे हैं, तो कहीं बाढ़ किसानों की वर्षों की मेहनत बहाकर ले जा रही है। ऋतुओं का स्वाभाविक चक्र अव्यवस्थित हो चुका है। बसंत और शरद जैसे मधुर मौसम सिमटते जा रहे हैं, जबकि गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। प्रकृति बार-बार चेतावनी दे रही है कि विकास की अंधी दौड़ में हमने उसके साथ अन्याय किया है। जंगलों की कटाई, औद्योगिक प्रदूषण, जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग और प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन पृथ्वी को धीरे-धीरे बीमार बना रहा है। कभी हिमालय की चोटियाँ समय से पहले पिघलने लगती हैं, तो कभी समुद्र का बढ़ता जलस्तर तटीय क्षेत्रों के लिए खतरा बन जाता है। यह केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व का संकट है। मानव सभ्यता आज ऐसे दोहरे संकट के दौर से गुजर रही है, जहाँ एक ओर प्रकृति का संतुलन लगातार बिगड़ रहा है और दूसरी ओर राजनीति की महत्वाकांक्षाएँ विश्व में वैमनस्य, संघर्ष और अविश्वास का वातावरण निर्मित कर रही हैं। धरती का तापमान बढ़ रहा है, ऋतुओं का स्वभाव बदल रहा है, नदियाँ अपने प्रवाह से भटक रही हैं, और दूसरी तरफ राष्ट्र अपनी शक्ति, प्रभुत्व और विस्तारवादी नीतियों के कारण मानवता को युद्धों के मुहाने पर खड़ा कर रहे हैं। यदि समय रहते इन दोनों संकटों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया, तो भविष्य की पीढ़ियाँ हमें कभी क्षमा नहीं करेंगी। दूसरी ओर, विश्व राजनीति का परिदृश्य भी कम चिंताजनक नहीं है। वैश्विक मंच पर सहयोग और सहअस्तित्व की भावना कमजोर पड़ती दिखाई दे रही है। अनेक देशों के बीच अविश्वास, प्रतिस्पर्धा और वर्चस्व की होड़ बढ़ती जा रही है। युद्धों और संघर्षों की विभीषिका ने करोड़ों लोगों का जीवन प्रभावित किया है। कहीं सीमाओं के विस्तार की आकांक्षा है, कहीं सामरिक प्रभुत्व की लालसा, तो कहीं आर्थिक हितों की रक्षा के नाम पर संघर्षों को बढ़ावा दिया जा रहा है। जब राष्ट्र अपनी ऊर्जा शांति, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण पर लगाने के बजाय हथियारों और युद्ध की तैयारियों में खर्च करते हैं, तब मानवता का भविष्य अंधकारमय हो जाता है। युद्ध केवल सैनिकों को नहीं मारते, वे आने वाली पीढ़ियों के सपनों को भी नष्ट कर देते हैं। विस्फोटों से केवल शहर नहीं टूटते, बल्कि मनुष्यों के भीतर विश्वास और करुणा भी खंडित हो जाती है। नफ़रत और ईर्ष्या का यह वातावरण समाजों के मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। मुसीबत यह है कि जिस समय पूरी दुनिया को जलवायु परिवर्तन जैसी साझा चुनौती का सामना करने के लिए एकजुट होना चाहिए, उसी समय राजनीतिक मतभेद और भू-राजनीतिक संघर्ष देशों को विभाजित कर रहे हैं। प्रकृति के सामने विकसित विकासशील देश एक समान है प्रकृति किसी से भेदभाव नहीं करती। बढ़ता तापमान, सूखा, बाढ़ और प्रदूषण सभी को समान रूप से प्रभावित करते हैं। इसलिए पर्यावरण संरक्षण और विश्व शांति एक-दूसरे के पूरक विषय हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि विश्व नेतृत्व संकीर्ण राजनीतिक मानसिकता के हितों से ऊपर उठकर मानवता के व्यापक हितों के बारे में सोचे। पृथ्वी किसी एक राष्ट्र की नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति की साझा धरोहर है। यदि जंगल बचेंगे, नदियाँ स्वच्छ रहेंगी, वायुमंडल संतुलित रहेगा और समाजों में शांति कायम होगी, तभी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित रह सकेगा। हमें यह स्पष्ट रूप से समझना होगा कि पृथ्वी का विनाश किसी एक दिन नहीं होगा। वह धीरे-धीरे हमारी गलत नीतियों, हमारी उदासीनता और हमारी स्वार्थपूर्ण प्रवृत्तियों के कारण होगा। प्रकृति के विरुद्ध अपराध और मानवता के विरुद्ध नफ़रत, दोनों मिलकर उस कथा की रचना कर रहे हैं जिसका अंत सुखद नहीं हो सकता। इसलिए अभी भी समय है कि हम चेत जाएँ। विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करें, युद्ध और वैमनस्य के स्थान पर संवाद और सहयोग को बढ़ावा दें तथा पृथ्वी को केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवनदाता माँ के रूप में देखें।

अंततः इतिहास यह याद नहीं रखेगा कि किस राष्ट्र ने कितने हथियार बनाए या किसने कितने क्षेत्रों पर प्रभाव स्थापित किया। इतिहास यह याद रखेगा कि संकट की उस घड़ी में मानवता ने पृथ्वी और अपने भविष्य को बचाने के लिए क्या प्रयास किए। यदि हम आज भी नहीं संभले, तो आने वाली पीढ़ियाँ शायद यह लिखेंगी कि मनुष्य ने अपने ज्ञान और विज्ञान से विकास तो किया, लेकिन विवेक और संवेदना की कमी के कारण अपनी ही सभ्यता के अंत की कथा भी स्वयं लिख दी है।

# शराब भट्ठी का शुभारंभ (सामयिक व्यंग्य)

**सुनील पांडे**



आखिरकार चारभाठा गांव में इतिहास रच ही गया। बरसों से लोग सड़क, अस्पताल, कॉलेज और रोजगार जैसी मामूली चीजों के लिए फाइलें दौड़ा रहे थे, लेकिन विकास की असली गाड़ी तो तब पहुंची जब उस पर किताबों की जगह बोतलें लदी थीं। जनता जनार्दन की इस 'महान मांग' को पूरा करने के लिए नेत्री ने बाकायदा फीता काटा, फोटो खिंचवाई और मुस्कानें बिखेरीं। मांग पूरा होना, सपना पूरा होने जैसा होता है। उद्घाटन का माहौल ऐसा था मानो कोई अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय खुल रहा हो, पर बाद में समझ आया कि यहां ज्ञान नहीं, बल्कि सीधे मोक्ष बांटने की व्यवस्था शुरू हुई है। पियक्कड़ों में अपार हर्ष व्याप्त था और शासन ने भी साबित कर दिया कि जहां प्यास है, वहां पूर्ति ही असली सुशासन है। फिर भट्टी का खुलना मांग और पूर्ति का भी प्रश्न था। इस ऐतिहासिक त्वरित निराकरण के लिए शासन का लिखित और मौखिक आभार व्यक्त किया गया। आभार शायद इसलिए कि दूसरी जनसमस्याओं की तरह इस फाइल को दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़े; शराब भट्ठी की बारी आते ही फाइलें ऐसे दौड़ीं जैसे उन्हें ओलंपिक में गोल्ड मेडल लाना हो। मंच से दहाड़ते हुए भाषणवीरों ने इसे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला 'विकास का नया अध्याय' घोषित कर दिया। यह अलग बात है कि तिजोरी के इस मजबूत अध्याय से पहले कई घरों की आर्थिक रीढ़ की हड्डी हमेशा के लिए चटकने वाली है। मगर आंकड़ों और राजस्व की इस चमचमाती दुनिया में बिखरते परिवार नहीं, बल्कि सरकारी खजाने का बढ़ता ग्राफ देखा जाता है।

गांव के बुजुर्ग एक कोने में खड़े होकर मुस्कुरा रहे थे, कि पुस्तकालय खोलने की मांग पर फाइलें कोमा में चली गई थीं। रोजगार की तलाश में भटकते युवाओं को भी मंच से बेहद संवेदनशील ढंग से समझाया गया कि जब नौकरी न मिले, तो कम से कम नौकरी न मिलने का गम भुलाने की 'कल्याणकारी' सुविधा तो पास में होनी ही चाहिए। पियक्कड़ों को इधर-उधर भटकना न पड़े और उनका कीमती समय बर्बाद न हो, इसके लिए यह एक दूरदर्शी कदम है जिसके दूरगामी परिणाम होंगे। कुछ लोगों के दिमाग में सुझाव यह भी कुलबुलाने लगा होगा कि अब पेट्रोल पंप की तर्ज पर 'दारू भट्ठी का पंप' भी खोल देना चाहिए। जहां पंप से दारू डालने वाला नोजल उठाकर पूछेगा, कितना डालना है तो हो सकता है पियक्कड़ कहे—"भैया, फुल कर दो, गम ज्यादा है!"

इस चरणबद्ध विकास की दूरदर्शिता का अद्भुत उदाहरण तब देखने को मिला जब कुछ अज्ञानियों ने पूछ लिया कि गांव में अस्पताल कब खुलेगा? मंच से बेहद तार्किक जवाब मिला—"पहले भट्ठी का असर तो देखिए! जब लोग पिएंगे, लड़खड़ाएंगे और बीमार पड़ेंगे, तो अस्पताल की आवश्यकता अपने आप सिद्ध हो जाएगी।" कितनी गहरी सोच है, पहले समस्या पैदा करो, समाधान की मांग अपने आप पैदा हो जाएगी! गांव की महिलाओं ने भी इस भव्य तमाशे को चुपचाप देखा। उन्हें अच्छे से पता था कि इस उद्घाटन का असली असर मंच पर बैठे सफेदपोशों की जेब पर नहीं, बल्कि सीधे उनके घर की रसोई और मान-सम्मान पर पड़ेगा, लेकिन उनकी सिसकियां उद्घाटन की जोरदार तालियों के शोर में कहीं दफन हो गईं। अब चारभाठा गांव की पहचान उसकी समृद्ध संस्कृति, लहलहाते खेतों या लहराते तालाबों से नहीं, बल्कि सबसे ज्यादा राजस्व देने वाली इस नई 'सुविधा' से होगी। सरकार ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा दी है—जनता को आत्मनिर्भर बनाकर नशे के समंदर में गोता लगाने के लिए छोड़ दिया गया है। निश्चित रूप से, दारू भट्ठी के पीछे पियक्कड़ों की अटूट भावना और सरकार की राजस्व बटोरने की अपार संभावना का ऐसा बेजोड़ मेल सदियों तक याद रखा जाएगा। सुशासन का इससे सजीव और नशीला उदाहरण भला और क्या ही हो सकता

## एक नजर

### पेयजल संकट को लेकर महिलाओं ने नपा कार्यालय में किया प्रदर्शन

**बीजापुर,10 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिका क्षेत्र के शांतिनगर वार्ड में पेयजल संकट को लेकर पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर के नेतृत्व में आज मंगलवार को बड़ी संख्या में शांतिनगर वार्ड की महिलाओं ने नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया और तत्काल जलापूर्ति बहाल करने की मांग उठाई। धरना दे रही महिलाओं का कहना था कि पिछले पांच दिनों से शांतिनगर में नियमित जलापूर्ति पूरी तरह प्रभावित है। भीषण गर्मी के बीच पानी की समस्या से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि लगातार शिकायतों के बावजूद समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं। पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर ने कहा कि पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा बाधित होना गंभीर विषय है, और नगर पालिका को इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) बंसीलाल नूरेटी ने बताया कि शांतिनगर क्षेत्र में प्रतिदिन लगभग 35 टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में तकनीकी खराबी आने के कारण जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई है। मरम्मत का कार्य जारी है और आज शाम तक समस्या दूर कर नियमित जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### प्रयास विद्यालय में प्राक्कयन परीक्षा का संशोधित मॉडल उत्तर जारी

**कांकेर, 10 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं (सत्र 2026-27) में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्कयन परीक्षा का मॉडल आंसर जारी किया गया था, जिसमें संशोधन किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि यह परीक्षा 10 मई 2026 (रविवार) को आयोजित की गई थी और 20 मई को मॉडल आंसर जारी किया गया था। निर्धारित तिथि तक प्राप्त दावा-आपत्ति के निराकरण पश्चात प्राक्कयन परीक्षा का संशोधित मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in/ पर अवलोकनार्थ अपलोड कर दिया गया है।

### लाइवलीहुड कॉलेज अंतागढ़ में नए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के लिए काउंसलिंग शुरू

**कांकेर, 10 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर एवं हुनरमंद बनाने के उद्देश्य से लाइवलीहुड कॉलेज अंतागढ़ में नए कौशल विकास प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत की जा रही है। इस सत्र के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने वाले कई महत्वपूर्ण कोर्सों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण एवं काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। कॉलेज प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान सत्र में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट तथा मेडिकल रिकॉर्ड एंड हेल्थ टेक्नीशियन पाठ्यक्रमों के लिए प्रशिक्षण एवं प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई है। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए कॉलेज परिसर में ही विशेष काउंसिलिंग सत्र का आयोजन किया जा रहा है, जो 11 जून से शुरू होकर 14 जून तक चलेगा। प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ शैक्षणिक योग्यता संबंधी अंकसूची, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र तथा पासपोर्ट साइज का फोटो लाना अनिवार्य होगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय लाइवलीहुड कॉलेज अंतागढ़ में संपर्क किया जा सकता है।

### समय-सीमा की बैठक में योजनाओं की प्रगति और लंबित प्रकरणों की समीक्षा

**जगदलपुर, 10 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, लंबित प्रकरणों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने बीज एवं खाद वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए तथा यूरिया, डीएपी एवं एनपीके खाद का वितरण निर्धारित मात्रा के अनुसार सुनिश्चित किया जाए।

# कलेक्टर-एसपी, सीईओ पहुंचे दुर्गम क्षेत्र में बसे गांव नुगुर, लगाई चौपाल, सुनी समस्याएं

- सुरक्षा, सड़क, पेयजल, आजीविका योजनाओं को पहुंचाने का दिया आश्वासन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 10 जून।** जिले के भैरमगढ़ विकासखंड के हुर्रागुवाली पंचायत के आश्रित गांव नुगुर में मंगलवार को जन चौपाल का आयोजन किया गया। कलेक्टर विश्वदीप, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे ने पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। गांव तक पहुंचने के लिए नदी को पैदल पार किया।

उल्लेखनीय है कि चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, आवास, धान खरीदी, शिक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी मांगें रखीं। कलेक्टर ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया तथा कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

#### सड़क निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

दौरे के दौरान कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत संपादित निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

#### धान खरीदी और उपार्जन केन्द्र निर्माण पर हुई चर्चा

ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केतूलनार में धान खरीदी केंद्र हेतु दान उपार्जन केन्द्र के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। बैठक में नदी के इस पार से प्रशासन द्वारा धान उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में भी विचार-विमर्श हुआ। धान को समर्थन मूल्य पर ही बेचने के लिए प्रोत्साहित किया गया।किसानों को प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी तथा 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से शासन द्वारा किए जाने वाले भुगतान की जानकारी दी गई।

दौरे के दौरान स्कूल भवन एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों को उपलब्ध सुविधाओं तथा आधारभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने शिक्षा एवं पोषण सेवाओं को बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को मकान निर्माण कराने की जानकारी दी गई। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण, मनरेगा के तहत डबरी निर्माण तथा गाय शेड निर्माण कराने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से सूअर पालन, बकरी पालन तथा अन्य आजीविका गतिविधियों को अपनाकर आय बढ़ाने का आह्वान किया और शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की अपील की।

# ईई पर फर्जी दौरे दर्शाकर शासकीय राशि आहरण करने का गंभीर आरोप

- आरटीआई में हुए चौंकाने वाले खुलासे,
- फर्जी लॉग बुक से राशि आहरण करने का लगा आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर 10 जून।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के प्रभारी कार्यपालन अभियंता नवीन टोंडे एक बार फिर विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। आरटीआई के तहत प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर उन पर यात्रा भत्ता (टीए) के नाम पर फर्जी दौरे दर्शाकर शासकीय राशि आहरण करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मामले को लेकर जिले में चर्चाओं का बाजार गर्म है और दस्तावेजों की जांच की मांग उठने लगी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी कार्यपालन अभियंता द्वारा आरटीआई के तहत दी गई जानकारी में यात्रा विवरण एवं लॉग बुक में कई ऐसे दौरे दर्ज बताए गए हैं, जिनकी वास्तविकता पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

#### जेईडी कॉलोनी से कलेक्टोरेट 50 किमी दूरी इंद्राज

लॉग बुक में जेईडी कॉलोनी स्थित निवास से कलेक्टोरेट तक की दूरी को 50 किलोमीटर से अधिक दर्शाकर नियमित रूप से यात्रा भत्ता लिया गया। प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली टीएल बैठक में शामिल होने के नाम पर 50 से 65 किलोमीटर तक का आवागमन दर्ज किया गया। जबकि स्थानीय स्तर पर दूरी मात्र 4-5 किमी है।

#### शनिवार, रविवार सहित राष्ट्रीय अवकाशों में भी दौरा दिखाया गया

आरटीआई से प्राप्त दस्तावेजों में यह भी दावा किया गया है कि शनिवार, रविवार सहित राष्ट्रीय अवकाशों और त्योहारों–जैसे 15 अगस्त, 26 जनवरी, होली एवं दीपावली–के दिनों में भी सैकड़ों किलोमीटर का भ्रमण दर्शाकर यात्रा भत्ता आहरित किया गया। यदि दस्तावेजों में दर्ज जानकारी सही पाई जाती है तो यह शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने का गंभीर मामला हो सकता है।

#### एक दिन में 5 से 6 अलग अलग क्षेत्रों में निरीक्षण

आरटीआई के माध्यम से प्राप्त जानकारी से पता चला है कि एक ही दिन में आवापल्ली, भोपालपटनम, बीजापुर, भैरमगढ़ के अलग अलग सड़कों का भ्रमण दिखाया गया जबकि एक दिन में इतने सड़कों का निरीक्षण संभव ही नहीं है।

#### होली के दिन भी दौरा दिखाया गया

एक कर्मचारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि होली के पूर्व ईई नवीन तोड़ें बस से बिलासपुर रवाना हो गए थे फिर मंडे को ही कार्यालय आए। लेकिन लॉग बुक में 13, 14, 15 और 17 को फर्जी निरीक्षण दिखाया गया है और सैकड़ों किमी की दूरी दर्शाया गया है।

#### निष्पक्ष जांच की मांग

मामले को लेकर सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यात्रा विवरण, वाहन लॉग बुक, उपस्थिति पंजी एवं संबंधित अभिलेखों का मिलान कर सत्यता सामने लाई जानी चाहिए।

#### फर्जी लॉग बुक और बिल

बिना यात्रा किए वाहनों के जाली नंबर, फर्जी पेट्रोल बिल और मनगढ़ंत दूरी (कि.मी.) दिखाकर यात्रा भत्ते के नाम पर लाखों रुपए गबन की गई है।

#### क्या कहते हैं नियम

गबन की गई समस्त राशि की वसूली किये जाने का प्रावधान है। विभागीय कार्रवाई में दोषी पाए जाने पर सेवा समाप्ति, विभागीय जांच और जेल जाने तक का प्रावधान होता है।

इस संबंध में कार्यपालन अभियंता नवीन टुंडे का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका है। उनसे दूरभाष पर संपर्क किया गया किंतु कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ। अब देखना यह होगा कि आरटीआई से सामने आए इन दस्तावेजों पर शासन और विभागीय अधिकारी निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करते है या फिर अन्य मामलो की तरह ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। यह बुद्धिजीवियों में कौतूहल का विषय बना हुआ है।

## मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के सफल संचालन के लिए तकनीकी प्रशिक्षण का आयोजन



- शिकायतों के निराकरण के लिए अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण

**बीजापुर 10 जून।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के प्रभावी क्रियान्वयन एवं शिकायतों के समयबद्ध निराकरण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला एवं विकासखंड स्तर पर नामांकित अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य स्तर से गठित प्रशिक्षण दल द्वारा अधिकारियों को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन योजना के तकनीकी एवं कार्यात्मक पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान शिकायत पंजीयन प्रक्रिया, शिकायतों के निराकरण की कार्यवाही, पोर्टल संचालन, समय-सीमा प्रबंधन तथा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे शिकायतों के बेहतर प्रबंधन, पारदर्शी कार्यप्रणाली तथा आम नागरिकों को त्वरित राहत प्रदान करने में मदद मिलेगी। प्रशासन का उद्देश्य मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना है, जिससे शासन के प्रति नागरिकों का विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।

# जगदलपुर में जून-जुलाई में लगेंगे दो बड़े रोजगार मेले, मांगी गई रिक्तियों की जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 10 जून।** बस्तर संभाग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने और कंपनियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार हुनरमंद कर्मचारी दिलाने के लिए एक बड़ी पहल की जा रही है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जगदलपुर द्वारा आने वाले दिनों में दो बड़े रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में उपसंचालक रोजगार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह पूरी प्रक्रिया और सेवा दोनों ही पक्षों के लिए पूर्णतः निःशुल्क रखी गई है। रोजगार मेलों के आयोजन की कड़ियां आगामी मंगलवार 16 जून से शुरू होने जा रही हैं, जब क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के पास आड़ावाल स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के परिसर में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसके ठीक बाद अगले महीने 7 जुलाई को एक बड़े स्तर पर संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन आड़ावाल स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों ने बस्तर और आसपास के सभी निजी फर्मों, संस्थाओं, कार्यालयों और दुकान संचालकों से सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की है। ऐसे सभी नियोक्ता जो रोजगार मेले के माध्यम से अपने यहां खाली पड़े पदों को भरना चाहते हैं, वे बेहद आसान तरीकों से अपनी रिक्तियों की जानकारी विभाग को साझा कर सकते हैं। इसके लिए वे छत्तीसगढ़ शासन के आधिकारिक पोर्टल erojgar.cg.gov.in पर जाकर रोजगार मेला नियोक्ता पंजीयन विकल्प के माध्यम से ऑनलाइन लॉग-इन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त नियोक्ता अपनी आवश्यक जानकारी कार्यालय की आधिकारिक ईमेल आईडी ddi-rempl@gmail.com पर भेज सकते हैं या फिर कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर पत्र के माध्यम से भी विवरण सौंप सकते हैं। रिक्तियों की जानकारी भेजते समय नियोक्ताओं को पदवार खाली सीटों की संख्या, आवश्यक शैक्षणिक व तकनीकी योग्यता, अनुभव और प्रति माह वेतन का स्पष्ट उल्लेख करना होगा। विस्तृत जानकारी होने से योग्यता के अनुसार सही और योग्य युवाओं को इन पदों की ओर आकर्षित करने में आसानी होगी। इस पूरे आयोजन और पंजीयन प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी प्रकार की पूछताछ या तकनीकी सहायता के लिए कार्यालयीन समय में विभागीय दूरभाष नंबर 07782-264376 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# केंद्रीय जेल में 10 दिनों के भीतर तीसरी कैदी की मौत से प्रबंधन की घोर लापरवाही हुई है उजागर : सुशील मौर्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 10 जून।** केंद्रीय जेल में कैदियों की लगातार हो रही मौतों पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी गहरी चिंता और आक्रोश व्यक्त करती है।मात्र 10 दिनों के भीतर तीसरी मौत का सामने आना जेल प्रशासन की आपराधिक लापरवाही और संवेदनहीनता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री सुशील मौर्य ने कहा कि: लगातार मौतें चिंताजनकजगदलपुर केंद्रीय जेल अब 'मौत का केंद्र' बनती जा रही है। 10 दिन में 3 कैदियों की मौत ने जेल की सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी हैजेल प्रबंधन जिम्मेदार:प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कैदी या तो फांसी लगाकर आत्महत्या कर रहे हैं या इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो रही है। दोनों ही स्थितियां जेल प्रबंधन की घोर लापरवाही को दर्शाती हैं। सवाल उठता है कि जेल के अंदर फांसी लगाने के लिए सामग्री कैसे पहुंच रही है? बीमार कैदियों को समय पर समुचित इलाज क्यों नहीं मिल रहा?जेल में बंद कैदी भी इंसान हैं और उनके जीवन की रक्षा करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। लगातार हो रही मौतें मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन है। कांग्रेस की मांग है कि 10 दिनों में हुई तीनों मौतों की लन्यायिक जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में कराई जाए। दोषी जेल अधिकारियों और कर्मचारियों पर तत्काल आपराधिक मुकदमा दर्ज कर निलंबित किया जाए।मृतक कैदियों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए।जेल में स्वास्थ्य सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था को तुरंत दुरुस्त किया जाए।पूरे मामले की रिपोर्ट 7 दिन में सार्वजनिक की जाए। श्री सुशील मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। जेल तक में लोग सुरक्षित नहीं हैं तो आम जनता का क्या होगा? यदि सरकार ने तत्काल कार्रवाई नहीं की तो कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## गीदम में ब्लॉक कांग्रेस की नई टीम घोषित, संगठन को मिली नई ऊर्जा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम 10 जून।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गीदम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल कर्मा के नेतृत्व में गठित इस नई टीम में अनुभवी, समर्पित एवं जमीनी स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। संगठन का मानना है कि नई टीम के गठन से कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूती मिलेगी तथा जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने में सहायता मिलेगी। नई कार्यकारिणी में संतु कुंजाम को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है वहीं लखमू राम लेकामी , मड्डा राम वेक , जिला राम , बलराम कश्यप , रतनू ठाकुर व सुनील गोलेछा को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन ने अजय गुप्ता , सावित्री कश्यप , नीलधर , सहदेव मौर्य, शोएब रिज़वी , मनीराम कश्यप , गोवर्धन ठाकुर एवं मीनाज खान को महामंत्री नियुक्त किया है।

इसी प्रकार अरुण मंसूरे , शैलेन्द्र कोमर्य , श्रीमती चंदा नाग , भीमसेन कड़ती , भगत नाग, चेतु राम कडियम, श्रीमती शांति नेताम , कुमार सिंह ठाकुर , विजय कश्यप एवं लक्ष्मी नाग को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। नई कार्यकारिणी में युवा नेतृत्व को भी विशेष महत्व दिया गया है। इसी कड़ी में ऋषभ सुराना को संगठन का मीडिया समन्वयक नियुक्त किया गया है। कांग्रेस संगठन की गतिविधियों, जनहित के मुद्दों एवं पार्टी की नीतियों को जनता तक प्रभावी रूप से पहुंचाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। वहीं बच्चू राम , वृजबिहारी , अंगद भास्कर , रामप्रसाद, शांति नेताम एवं विनय कुंजाम को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल कर्मा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि कांग्रेस संगठन में कार्यकर्ता ही सबसे बड़ी ताकत हैं। नई टीम संगठन को गांव-गांव और वार्ड-वार्ड तक मजबूत करने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने का कार्य करती रहेगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि कांग्रेस की यह टीम आने वाले समय में गीदम ब्लॉक में संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति देने का कार्य करेगी। नई कार्यकारिणी के गठन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व एवं ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कर्मा का आभार व्यक्त करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कांग्रेस की विचारधारा, जनहित के मुद्दों एवं संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया, इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि कांग्रेस संगठन मजबूत होगा, तभी जनता की आवाज और बुलंद होगी।

## किसान कांग्रेस ने खाद, डीजल उपलब्धता को लेकर किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**कोंडागांव, 10 जून।** जिले में खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही खाद की कमी और किसानों की बढ़ती समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस ने कोंडागांव में विरोध प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस के निर्देश पर जिला किसान कांग्रेस ने मंगलवार को प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए किसानों की समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की। कांग्रेस का कहना है कि यदि समय पर पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं कराई गई तो किसानों की उत्पादन क्षमता पर सीधा असर पड़ेगा।

जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष हीरालाल नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है, लेकिन वर्तमान में किसान खाद के लिए भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शासन के निर्देशानुसार किसानों को प्रति एकड़ केवल एक से दो बोरी खाद दी जा रही है, जो खेती की जरूरतों के लिए पर्याप्त नहीं है। किसान कांग्रेस ने आरोप लगाया कि जिले में खाद की उपलब्धता बेहद सीमित है और कई स्थानों पर कालाबाजारी की शिकायतें भी मिल रही हैं। संगठन का कहना है कि किसानों को जरूरत के अनुसार खाद नहीं मिलने से खरीफफसल की तैयारियां प्रभावित हो रही हैं। किसान कांग्रेस ने खेती-किसानी के कार्यों के लिए डीजल उपलब्ध कराने में आ रही दिक्कतों का मुद्दा भी उठाया। संगठन का कहना है कि जरीकन में डीजल नहीं मिलने से किसानों को बार-बार ट्रैक्टर लेकर पेट्रोल पंपों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे समय और संसाधनों दोनों की बर्बादी हो रही है।

# जगदलपुर में एनआईए के विशेष न्यायाधीश की नियुक्ति, सुनवाई अब होगी तेज गति से

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 10 जून।** बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षा बलों की लंबी लड़ाई अब निर्णायक मुकाम पर पहुंच चुकी है। कभी नक्सली हिंसा के लिए पहचान रखने वाला बस्तर आज तेजी से शांति और विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। हालांकि बीते वर्षों में हुई बड़ी नक्सली घटनाओं से जुड़े मामलों की न्यायिक प्रक्रिया अभी भी जारी है और इन्हीं मामलों की सुनवाई को गति देने के लिए जगदलपुर में एनआईए के विशेष न्यायाधीश की नियुक्ति की गई है।

बस्तर के इतिहास में कुछ घटनाएं ऐसी हैं जिन्होंने पूरे देश को झकझोर दिया था। वर्ष 2013 का झीरम घाटी हमला, दंतेवाड़ा में भाजपा विधायक भीमा मंडावी की हत्या और नारायणपुर में भाजपा नेता की हत्या जैसे 12 मामले राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बने थे। इन घटनाओं की




जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (हृ्ढ) ने की और इनके प्रकरण विशेष अदालत में विचाराधीन हैं।

अब तक इन मामलों की सुनवाई अलग-अलग व्यवस्थाओं के तहत चल रही थी, लेकिन विशेष जज की नियुक्ति के बाद एनआईए से जुड़े सभी महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई अधिक व्यवस्थित और तेज गति से होने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार करीब 12 बड़े मामले एनआईए कोर्ट में लंबित हैं, जिनमें बस्तर से जुड़े कई चर्चित प्रकरण शामिल हैं।

विशेष अदालत की व्यवस्था से गवाहों, पीड़ित परिवारों और जांच एजेंसियों को भी सुविधा मिलेगी। साथ ही वर्षों से लंबित मामलों में न्यायिक प्रक्रिया को गति मिलने की संभावना बढ़ गई है। बस्तर में अब नक्सली हिंसा की घटनाएं लगभग समाप्ति की ओर हैं और क्षेत्र नक्सल मुक्त होने की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल कर चुका है। ऐसे समय में अतीत की बड़ी घटनाओं से जुड़े मामलों का न्यायिक निष्पादन भी उतना ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है, ताकि सुरक्षा बलों के संघर्ष, पीड़ित परिवारों की प्रतीक्षा और कानून की प्रक्रिया अपने तार्किक निष्कर्ष तक पहुंच सके।

## लखपति दीदी विद्या साहू ने बदली अपनी तकदीर, बेकरी-नमकीन व्यवसाय से लिखी सफलता की नई कहानी

**जगदलपुर, 10 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के तोकापाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिंगनपुर निवासी विद्या साहू आज ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और मेहनत की मिसाल बन गई हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़कर उन्होंने न केवल अपना स्वरोजगार स्थापित किया, बल्कि अपनी मेहनत और लगन के दम पर परिवार की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत बनाया है। विद्या साहू ने बेकरी एवं नमकीन निर्माण का व्यवसाय शुरू किया। शुरुआत भले ही छोटे स्तर से हुई, लेकिन उनके उत्पादों की गुणवत्ता और स्वाद ने जल्द ही स्थानीय बाजार में अपनी पहचान बना ली। वर्तमान में उनके द्वारा तैयार किए जाने वाले बेकरी और नमकीन उत्पादों की अच्छी मांग है। यही कारण है कि वे आसपास के व्यवसायियों और छोटे किराना दुकानदारों को नियमित रूप से अपने उत्पादों की आपूर्ति कर रही हैं। बेकरी व्यवसाय के साथ-साथ विद्या सिलाई-कढ़ाई का कार्य भी करती हैं, जिससे उनकी आय में और वृद्धि हुई है।

## एक नजर

### होम बेस्ड केयर गिवर के लिए विदेश में रोजगार का अवसर

**बलौदाबाजार, 10 जून।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार नेशनल स्कील डेव्हलपमेंट कॉपोरेशन (एनएसडीसी) के अंतर्गत भारत इजराइल फ्रेमवर्क हेतु दो वर्ष के लिए अनुबंध किया गया है।चयन के लिये इच्छुक अर्हताधारी आवेदक अपना पंजीयन ई-रोजगार पोर्टल पर जारी लिंक पर कर सकते हैं। पद हेतु आवश्यक मापदंड- योग्यता न्यूनतम 10वीं कक्षा उत्तीर्ण, इंटरमिडिएट स्तर पर अंग्रेजी विषय, उम्र 25 से 45 वर्ष, न्यूनतम 3 वर्ष का वैध पासपोर्ट, शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ, लंबाई 1.5 मीटर से अधिक, वजन 45 कि.ग्रा. से अधिक एवं इसके पूर्व इजराइल में कार्य न किया हो। वांछनीय शैक्षणिक योग्यता- भारतीय नियामक प्राधिकरण से मान्यता प्राप्त 990 घंटे का ओजेटी सहित केयर गिविंग प्रमाण पत्र अनिवार्य है। जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, आक्जलरी नर्स मिडवाईफ, जनरल नर्स मिडवाईफ, बीएससी नर्सिंग, फिजियोथेरेपी, नर्स असिस्टेंट/मिडवाईफ में कोई एक प्रमाण पत्र, 9 दिनों का राष्ट्रीय अवकाश तथा 16 दिनों की वार्षिक अवकाश दी जावेगी एवं सप्ताह में 6 दिन कार्य दिवस रहेगा। सेवा प्रदान करने वाले आवेदकों को नियोजक द्वारा आवास, भोजन एवं चिकित्सा बीमा उपलब्ध में वेतन प्रति 200000 में से अतिरिक्त कटौती की जायेगी, जिसके पश्चात् 199770/- प्रतिमाह वेतन के रूप में दी जायेगी। चयन प्रक्रिया- छत्तीसगढ़ रोजगार पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन एवं पात्रता की जॉच, मार्गदर्शन एवं जानकारी, स्वास्थ्य परीक्षण एवं पुलिस क्लियरेंस , इजराइल नियोजक का वीडियों साक्षात्कार एवं अंतिम चयन।

### राजादेवरी में समाधान शिविर आज,19 ग्राम पंचायतों के लोग होंगे शामिल

**बलौदाबाजार,10 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत बुधवार 10 जून को विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत राजादेवरी में समाधान शिविर आयोजित की जाएगी जिसमें 19 ग्राम पंचायत के लोग शामिल होंगे।शिविर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होगा। राजादेवरी शिविर में ग्राम पंचायत अर्जुनी (म), बरपानी, भूसडीपाली, बिलारी (जं), चांदन, छाता, गोलाझर, कुरमाझर, कुशभाठा, कुशगढ, नगरदा, नगेडा, नगेंडी, सोनाखान, सोनपुर, थरगांव, खोसड़ा, राजादेवरी एवं महराजी शामिल होंगे।कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को शिविर की बेहतर तैयारी करने और विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान विभागीय स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

### विकासखंड मुख्यालयों में 12 जून से जन कल्याण शिविर का आयोजन

**बलौदाबाजार, 10 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों में 12 से 20 जून तक जन कल्याण शिविर आयोजित होंगे। इस शिविर में आयुष्मान कार्ड, पीएम वय वंदन कार्ड बनाने के साथ पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, वीबी ज़ी राम जी योजना की जानकारी दी जाएगी।कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक में शिविर आयोजन के संबंध में जरूरी निर्देश दिये। कलेक्टर ने कुपोषण मुक्त आंगनबाड़ी अभियान के लिये महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो को विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पहले गंभीर कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य जांच कराएं, और चिरायु कार्ड बनाएं। बच्चे की स्वास्थ्य रिपोर्ट के आधार पर कुपोषण दूर करने के लिये आवश्यक दवाई व पोषण आहार निर्धारित करें। इसीतरह एनआरसी में भर्ती कराने से लेकर घर में समय पोषक आहार की भी मॉनिटरिंग हो।बच्चों के माता -पिता को जागरूक करें।अगले 6 माह में 90 प्रतिशत बच्चों में कुपोषण दूर करने का लक्ष्य निर्धारित करें। आंगनबाड़ी में लगभग 1400 बच्चे गंभीर कुपोषित हैं। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 कचरा प्रबंधन को अधिक वैज्ञानिक और सख्त बनाने के लिए 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी हो गए हैं। इन नियमों में स्थानीय निकायों पर बोझ कम करके सीधे कचरा उत्पन्न करने वालों की जवाबदेही तय कर जुर्माना का भी प्रावधान किया गया है। कलेक्टर श्री शर्मा ने नगरीय निकायों के साथ -साथ ग्राम पंचायतों में कचरा कलेक्शन,सेग्रीगेशन एवं निस्तारण की पुख्ता व्यवस्था के निर्देश दिये। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण मंडल एवं उद्योग विभाग के अधिकारियों को फैक्ट्री परिसर में कचरा निपटान व्यवस्था को सखूती से लागू कराने कहा। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि 3 माह से अधिक लंबित प्रकरणों का 31 जुलाई तक निराकरण के लिये रणनीति बनाने तथा समय सीमा से बाहर के आवेदनों का भी जल्द निराकरण के निर्देश दिये।उन्होंने आरबीसी 6-4 के तहत स्वीकृत राशि को सम्बंधित के खाते में शीघ्र अंतरित करने कहा।

# आयुक्त ने नालंदा परिसर निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा आकांक्षी शौचालय जल्द चालू करने के दिये निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 10 जून।** नगर निगम द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्य में प्रगति लाकर समय सीमा मे पूर्ण करने आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा आज नालंदा परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्य देख मेडिकल कालेज तथा पुष्पवाटिका में निर्मित आकांक्षी शौचालय चालू करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

नालंदा परिसर निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने निर्माण कार्य की प्रगति की संबंधित अधिकारी से जानकारी ली। उन्होने कहा कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओ के तहत विद्यार्थियो की सुविधा के लिए 500 सीटर लायब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है, शासन की मंशानुरूप इसका निर्माण होना है। संबंधित अधिकारी ने जानकीार दी कि स्टेज-1 में प्रथम तल का स्लेब हो गया है, स्टेज-2 में भूतल में स्लेब के लिए सेन्ट्रींग किया जा रहा है। आयुक्त ने कहा कि निर्माण कार्य मे तेजी लावे ताकि समय सीमा में निर्माण पूर्ण हो सके। उन्होने निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा नियमित रूप से पानी तराई करने कहा। उन्होंने निर्माण कार्य की सतत मानिटरिंग करने निर्देशित किए।

आकांक्षी शौचालय निरीक्षण की कडी में पहले मेडिकल कालेज के शौचालय का जायजा लेने के पश्चात पुष्पवाटिका मे निर्मित आकांक्षी शौचालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शासन की यह महत्वकाक्षी योजना है, इसके तहत सर्व सुविधायुक्त शौचालय का निर्माण करना है। संबंधित अधिकारी ने बताया कि पुष्पवाटिका में 10 सीटर तथा मेडिकल कालेज में 6 सीटर महिला एवं पुरूष शौचालय निर्माण किय गया है। द्विव्यांगजनो के लिए अलग से शौचालय निर्मित है। यहा मुत्रालय, चेंजिंग रूम के अलावा शिशु देख-भाल कक्ष भी बनाया गया है। आयुक्त ने कहा कि जो भी कार्य शेष है उसे पूर्ण कर इसे उपयोग हेतु चालू किया जाए। उन्होने मेडिकल कालेज परिसर तथा पुष्पवाटिका में समुचित साफ सफाई कर स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश दिए।

# मनरेगा की डबरी से बंजर भूमि हुई सिंचित,वनांचल के किसान की बढ़ी आमदनी

■ वन अधिकार पट्टा मिलने से कई योजनाओं का मिला लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार,10 जून।** मनरेगा से लोगों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होने के साथ ही स्थायी परिसम्पत्ति का निर्माण भी हो रहा है। मनरेगा के तहत निर्मित डबरी के पानी का उपयोग फसल सिंचाई में होने से बंजर भूमि में फसल की बेहतर पैदावार और उत्पादन में वृद्धि हुई जिससे किसान की आमदनी भी बढ़ी। आस -पास के क्षेत्र में वाटर रिचार्ज भी हुआ।

विकासखंड कसडोल के दूरस्थ ग्राम पंचायत मुढीपार के आश्रित ग्राम भोथाही में अधिकांश जनजाति परिवार रहते है।यहां के लोग मुख्य रूप से वनोपज, कृषि एवं मनरेगा मजदूरी पर निर्भर रहते है। इसी गांव की अनुसूचित जनजाति परिवार की हितग्राही सवित्री धर्नुहार ने अपने वन अधिकार पट्टा जमीन पर वर्ष 2025 में मनरेगा से डबरी निर्माण कराया है। डबरी निर्माण होने से लगभग 3 एकड़ भूमि सिंचाई हो रही है। सवित्री धर्नुहार के कृषि भूमि के आसपास कृषक मनी राम, नेहरू, लक्षण के खेतों का डबरी के माध्यम से संचिाई हो रहा है। खरीफ के समय पहले इनके खेतों का फसल लेने में पानी के अभाव में फसल तैयार करने में दिक्कत होती थी, डबरी बन जाने से खेतों के लिये पर्याप्त मात्रा में पानी मिल रहा है। डबरी निर्माण से सवित्री धुर्नहार की आय में वृद्धि हुई है। हितग्राही सवित्री धर्नुहर ने बताया कि ग्राम पंचायत मुढ़ीपार के ग्रामसभा में अपने वन पट्टा प्राप्त भूमि में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार के माध्यम से डबरी निर्माण की मांग रखी। इस पर ग्राम पंचायत के द्वारा जनपद पंचायत कसडोल में कार्य स्वीकृति हेतु तकनीकी सहायक के मार्गदर्शन में डबरी निर्माण का पंचायत प्रस्ताव, नक्शा, खसरा एवं आवश्यक दस्तावेज जमा किया गया। इसके बाद जिला पंचायत द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्ति उपरांत कार्य प्रारंभ कराया गया।वन अधिकार पट्टा मिलने से शासन की कई योजना का लाभ मिल रहा है।

### तिल्दा नेवरा में 16 जून को होगा रक्तदान शिविर नागरिकों से सहभागिता की अपील

**तिल्दा नेवरा, 10 जून।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा नेवरा में 16 जून 2026 (मंगलवार) को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड तिल्दा द्वारा सूचना जारी करते हुए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से रक्तदान कर मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में सहभागिता निभाने की अपील की गई है। जारी सूचना के अनुसार रक्तदान शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा नेवरा परिसर में किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि रक्तदान से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी तथा समाज में मानवीय सेवा की भावना को भी बल मिलेगा। रक्तदान के इच्छुक व्यक्तियों से पूर्व पंजीयन कराने का अनुरोध किया गया है। इसके लिए विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती ममता सुनानी के मोबाइल नंबर 96913-43030 पर संपर्क कर अपना नाम दर्ज कराया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग के ब्लॉक मेडिकल अधिकारी ओर समाज सेवी पार्षद रानी सौरभ जैन ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान शिविर में भाग लेकर इस जनहितकारी अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

### अवैध डीजल भंडारण एवं कालाबाजारी के विरुद्ध बागनदी पुलिस की प्रभावी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 10 जून।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री किर्तन राठौर के निर्देशन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ श्री केसरीनंदन नायक के मार्गदर्शन में थाना बागनदी पुलिस द्वारा अवैध डीजल भंडारण एवं कालाबाजारी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त सूचना के आधार पर दिनांक 06.06.2026 को ग्राम घोरतलाब स्थित शेरा ढाबा में पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गई। तलाशी के दौरान मौके से 03 लाल रंग के ड्रम एवं 04 नीले रंग के केनों में संग्रहित लगभग 500 लीटर डीजल बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 50,000 रुपये है।

बरामद डीजल के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर पुलिस द्वारा जप्ती, नमूना सील, पंचनामा एवं अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई। मामले में अपराध क्रमांक 17/2026 पंजीबद्ध कर आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 एवं 7 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान मौके पर उपस्थित आरोपी उत्कर्ष मौर्य को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में संलिप्त दूसरे आरोपी संदीप सिंह को दिनांक 08.06.2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया । जांच के दौरान दोनों आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आए हैं। आरोपी उत्कर्ष मौर्य के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत 03 प्रकरण पूर्व से दर्ज पाए गए हैं। वहीं आरोपी संदीप सिंह के विरुद्ध पूर्व में मारपीट, सड़क दुर्घटना से संबंधित अपराध तथा अन्य आपराधिक प्रकरण दर्ज होना पाया गया है।प्रकरण में विवेचना जारी है मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की जाँच की जा रही है।

### प्री बी. एड. प्रवेश परीक्षा एवं बी. एससी. नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 11 जून को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 जून।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा 11 जून 2026 को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक प्री बी. एड. प्रवेश परीक्षा एवं बी. एससी. नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया है। जिले में प्री बी.एड. प्रवेश परीक्षा के लिए 10 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 3076 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इसी प्रकार जिले में बी.एससी. नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 1202 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिए जाएंगे। जिसके पश्चात किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सभी परीक्षार्थियों से निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचने की अपील की गई है। व्यापम के निर्देशानुसार परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र एवं वैध फोटोयुक्त पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैग तथा किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा।

# भाजपा लाल बहादुर नगर मंडल की बैठक में संगठन की मजबूती सहित कई विषयों पर की गई चर्चा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 जून।** भारतीय जनता पार्टी लाल बहादुर नगर मंडल द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित की जाने वाली मासिक बैठक का आयोजन मंडल अध्यक्ष श्री मनोज कांडे के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बैठक में संगठनात्मक विषयों, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में एम.डी. ठाकुर, मंडल प्रभारी लाल बहादुर नगर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि के रूप में दादूराम सोनकर (सह मंडल प्रभारी), भरत वर्मा (उपाध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव), प्रीति ताम्रकार ( भाजपा जिला मंत्री), देवेंद्र यादव ( सह संयोजक सोशल मीडिया जिला भाजपा राजनंदगांव), मंडल महामंत्री द्वय हेमलाल वर्मा, उपकार बघेल, प्रशांत कोडापे (सभापति, जिला पंचायत राजनांदगांव),भाजपा वरिष्ठ नेता वेदराम ताम्रकार, रामाधिन देवागन,भोजराज वर्मा (जिला मंत्री किसान मोर्चा)अनीता मंडावी (जिला पंचायत सदस्य, राजनांदगांव), देवेन्द्र साहू(अध्यक्ष नगर पंचायत लाल बहादुर नगर), जनपद सभापति थानवार मंडावी, सरिता मंडावी,पीताम्बर सिन्हा (उपाध्यक्ष भाजपा मंडल लाल बहादुर नगर),पुष्पा सिन्हा (अध्यक्ष, महिला मोर्चा, लाल बहादुर नगर मंडल), घनश्याम यादव (अध्यक्ष, युवा मोर्चा) मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में भरत वर्मा ने किसानों को खाद वितरण से संबंधित वर्तमान स्थिति एवं समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में खाद की कोई कमी नहीं है तथा किसानों को समय पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके पश्चात दादूराम सोनकर ने संगठन की मूल शक्ति बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को बताते हुए बूथों को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने पर जोर दिया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से बूथ सुदृढ़ीकरण अभियान में पूर्ण सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता एम.डी. ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सरकार की जनहितकारी योजनाओं की सही एवं संपूर्ण जानकारी रखे, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क बढ़ाने तथा संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### आयोग ने ग्राहक के खाते से काटी गई राशि बैंक से वापस दिलाई

**बलौदाबाजार 10 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बैंक द्वारा ग्राहक के ओवर ड्राप्ट खाते से बिना जानकारी राशि काटे जाने एवं सिबिल स्कोर खराब करने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा विरोधी पक्षकार बैंक को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए परिवादी के खाते से काटी गई राशि में शेष राशि 87536 रूपये एवं उपभोक्ता को मानसिक शारीरिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 15000 तथा वाद-व्यय हेतु 7000 रूपये परिवादी को प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार भाटापारा निवासी बृजमोहन आनंद द्वारा विरोधी पक्षकार एक्सिस बैंक भाटापारा में ओ.डी. खाता हेतु आवेदन दिया था जिस पर 5 वर्ष की अवधि के लिए खाता जारी किया गया।

**NOTICE U/S 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT, 1932**

It is hereby notified that **M/S. MARUTI DEVELOPERS, JAGDALPUR, BASTAR** Registration **No. D-RAIPUR-34/16-17** undergone the following changes.

(i) Smt. Sanju Goinka has retired from Partnership with effect from 31.03.2026

For **M/S. Maruti Developers, Jagdalpur, Bastar**

**शपथ पत्र**

मैं यशवन्त कुमार नेताम आयु 20 वर्ष पिता हरिराम नेताम जाति-गोंड़ निवासी दिनकरपुर थाना-दुगली तहसील-नगरी जिला-धमतरी (छत्तीसगढ़) का निवासी हूं।

मेरा नाम पता उपरोक्तानुसार है।

मेरे पास उपलब्ध शालेय अभिलेख अंकसूची, जाति प्रमाण-पत्र एवं बैंक खाता में मेरा नाम यशवन्त कुमार (YASHVANT KUMAR) दर्ज है।

मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में मेरा नाम असवन्त कुमार नेताम (Ashvant Kumar Netam) दर्ज है।

मेरे पास उपलब्ध अन्य दस्तावेज तथा आधार कार्ड के नाम में एकरूपता नही होने के कारण मुझे शासकीय अशासकीय कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है अतएव अन्य दस्तावेजों के मुताबिक असवन्त कुमार नेताम (Ashvant Kumar Netam) के स्थान पर आधार कार्ड में मेरा नाम यशवन्त कुमार (YASHVANT KUMAR) किया जावे।

मेरे द्वारा उपरोक्तानुसार दी गई जानकारी सत्य है मेरे द्वारा कुछ भी छिपाया नहीं गया है।

अन्य दस्तावेजों के मुताबिक आधार कार्ड में सुधार किये जाने हेतु उपरोक्त की पुष्टि में यह शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

उपरोक्त कथनों की पुष्टि में शपथपत्र पेश है।

**शपथकर्ता**
**यशवंत कुमार**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

क्र./777/रा.वि./न.पा./2026-27 — कवर्धा, दिनांक 8/6/2026

**नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है कि, निम्नांकित सूची अनुसार भूमि भवन हस्तांतरणकर्ता द्वारा हस्तांतरिती के नाम पर नाम परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

| क्र. | प्र.क्र. | हस्तांतरिती/ पिता, पति का नाम | हस्तांतरणकर्ता/ पिता, पति का नाम | वार्ड नं. | खसरा/ भूखंड | क्षेत्रफल | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | श्रीमती शकुन निषाद पिता लखन | श्री पुरु, भरत/लखन निषाद | 15 | 146/5 | 1133.54 hest | रा.नि. (नजूल) |
| 2 | 18 | मो. जुबेर शेखानी/मो.याकुब | श्री भीषम कुमार/बालूराम | 2 | 287/14 | 0.012 hest | रजिस्ट्री पत्र |
| 3 | 19 | श्रीमती निधि शर्मा/चन्द्राकांत शर्मा | श्रीमती रनिया बाई/राजेन्द्र जायसवाल | 8 | 175/51 | 0.019 hest | रजिस्ट्री पत्र |
| 4 | 20 | श्री नेतराम, सखाराम, श्रवण, फुग्नी बाई, सुकबती/भगवानी राम | श्री भगवानीराम/धनऊ | 3 | 162/5 | 0.0100 hest | रजिस्ट्री पत्र |
| 5 | 21 | श्री प्रमोद साहू/दिनेश साहू | श्री कमलेश साहू/दुखीत साहू | 1 | 303/57 | 0.006 hest | रजिस्ट्री पत्र |
| 6 | 22 | श्रीमती शांति रानी गुम्बर/ स्व. सुरजीत सिंह गुम्बर | श्री दिनेश चन्द्रवंशी/ईश्वरी चन्द्रवंशी | 9 | 16/35 | 0.0120 hest | रजिस्ट्री पत्र |
| 7 | 23 | श्री संजय श्रीवास/सुगंधचंद श्रीवास | श्रीमती मुखबती/सियाराम साहू | 1 | 168/15 | 0.008 hest | रजिस्ट्री पत्र |
| 8 | 24 | श्री विमला बाई/श्याम लाल | श्रीमती मीरा बाई/दिलेश्वर | 18 | 623 | 665.00 sqm | रजिस्ट्री पत्र |
| 9 | 25 | श्री मुकेश देवांगन/तीजुराम | श्री तीजुराम/कचन | 14 | 50/5 | 281.91 sqm | नजूल संधारण |
| 10 | 26 | श्रीमती पूनम सोनी/संतोष सोनी | श्री राकेश कुमार/आ.एस. ठाकुर | 8 | 73/49 | 0.0150 hest | रजिस्ट्री पत्र |
| 11 | 27 | श्रीमती रेखा पाण्डेय/अवधेश पाण्डेय | श्रीमती सविता मित्तल/सियाराम | 1 | 228/29 | 0.0400 hest | रजिस्ट्री पत्र |
| 12 | 28 | श्री पुरुषोत्तम गुप्ता, ज्ञानी गुप्ता/ जगन्नाथ गुप्ता | श्री अकबर कुरैशी/सलाम | 14 | 123 | 410.64 sqm | रजिस्ट्री पत्र |
| 13 | 29 | श्री लालिमा चन्द्रवंशी/लेद चन्द्रवंशी | श्री संतोष कुमार/खोरबहरा नामदेव | 1 | 296/3 | 0.016 hest | रजिस्ट्री पत्र |
| 14 | 30 | श्रीमती लक्ष्मी बाई देवांगन/रामजी | श्री कृष्णा देवांगन/लाला देवांगन | 27 | 598/8 | 0.008 hest | रजिस्ट्री पत्र |

अतः उपरोक्त सूची अनुसार जिसे भी इस संबंध में दावा/आपत्ति हो तो वह मूल प्रमाण पत्र एवं प्रमाणित दस्तावेज सहित इस सूचना प्रकाशित के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षकर्ता को लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के पश्चात या बिना प्रमाण के प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा नामांतरण नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कवर्धा**

# रोजगार मेला मेला में 143 पदों के लिये होगा इंटरव्यू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 10 जून।** जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा लाईवलीहुड कॉलेज सकरी, बलौदाबाजार में 10 जून 2026 दिन बुधवार को रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला का आयोजन सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित किया जायेगी। रोजगार मेला में निजी क्षेत्र में लगभग 143 पदों के लिये साक्षात्कार होगा। प्राप्त जानकारी अनुसार रोजगार मेला में नियोजक अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट कुकुरदी बलौदाबाजार द्वारा सेफ्टी स्टेवर्ड के 4 पद, बॉयलर ऑपरेटर 4 पद, इंस्ट्रूमेंट 7 पद, इलेक्ट्रिशियन 5 पद, फिटर 5 पद, शैक्षणिक योग्यता आईटीआई, डिप्लोमा सेफ्टी उत्तीर्ण एवं अनुभव 3 से 5 वर्ष, उम्र 24 से 26 वर्ष, वेतन योग्यता तथा पदानुसार एवं 12844 हजार तक, कार्यक्षेत्र अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट कुकुरदी, बलौदाबाजार होगा। न्यूविस्टा लिमिटेड रिसदा बलौदाबाजार द्वारा इंजीनियर के 1 पद, शैक्षणिक योग्यता बी.टेक केमिकल उत्तीर्ण एवं अनुभव 6 से 7 वर्ष, उम्र 30 से 35 वर्ष, योग्यतानुसार 25 से 30 हजार तक, कार्यक्षेत्र न्यूविस्टा लिमिटेड रिसदा बलौदाबाजार होगा। एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस बलौदाबाजार द्वारा युनिट मैनेजर के 3 पद, लाईफ मित्र 30 पद, शैक्षणिक योग्यता 10वीं से स्नातक उत्तीर्ण एवं अनुभव 0 से 1 वर्ष, उम्र 18 से 40, वेतन पदानुसार कमिशन एवं 25 से 30 हजार रूपए, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। एनआईआईटी लिमिटेड बिलासपुर द्वारा असिस्टेंट मैनेजर के 30 पद, शैक्षणिक योग्यता स्नातक, डिप्लोमा, आईटीआई, पीएचडी, नेट एवं उच्च उत्तीर्ण एवं अनुभव 1 से 5 वर्ष, उम्र 18 से 40 वर्ष, वेतन 8 हजार से 17 हजार रूपए पदानुसार, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार, महासमुंद, गरियाबंद, जांजगीर चांपा होगा। शांता टेक्नो प्रा.लि. रायपुर द्वारा मशीन ऑपरेटर के 5 पद, फिटर 5 पद, वेल्डर 5, मैकनिकल इंजीनियर 5 पद, हेल्पर 5 पद, हाइड्रा ड्राइवर 5 पद, शैक्षणिक योग्यता 8वीं से आईटीआई,बीई, डिप्लोमा, ड्राइविंग लाईसेंस एवं अनुभव 0 से 3 वर्ष तक, उम्र 18 से 50 वर्ष, वेतन 10 हजार से 15 हजार रूपए तक पदानुसार, कार्यक्षेत्र उरला रायपुर होगा। ईएलएक्सर कम्युनिकेशंस प्रा.लि. रायपुर द्वारा वायरमेन के 10 पद, सोलर सिस्टम इंस्ट्रालेशन 5 पद, जुनियर ड्राफ्टमेन 1 पद, शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं एवं आईटीआई उत्तीर्ण, उम्र 18 से 35 वर्ष , वेतन 8 हजार से 14 हजार पदानुसार , कार्यक्षेत्र रायपुर होगा। उत्कर्ष पब्लिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल रसेड़ा द्वारा टीचर के 10 पद, शैक्षणिक योग्यता स्नातक (अंग्रेजी माध्यम) बीएड एवं अनुभव 0 से 5 वर्ष, उम्र 21-35 वर्ष, वेतन 12 हजार से 15 हजार रूपए योग्यतानुसार देय होगा कार्यक्षेत्र रसेडा बलौदाबाजार होगा।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26